# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | अध्याय | पेज संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 01 | 1 - 21 |
| 2. | मॉडल पेपर - 02 | 22 - 40 |
| 3. | मॉडल पेपर - 03 | 41 - 59 |
| 4. | मॉडल पेपर - 04 | 60 - 79 |
| 5. | मॉडल पेपर - 05 | 80 - 99 |
| 6. | मॉडल पेपर - 06 | 100 - 119 |
| 7. | मॉडल पेपर - 07 | 120 - 139 |
| 8. | मॉडल पेपर - 08 | 140 - 159 |
| 9. | मॉडल पेपर - 09 | 160 - 179 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 180 - 199 |

**1. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए:**

| **नदी** | **उद्गम स्थल** |
|---|---|
| **A. साबी** | **i. सेवर पहाड़ियाँ** |
| **B. काकनी** | **ii. बैराठ पहाड़ियाँ** |
| **C. बाणगंगा** | **iii. खण्डेला पहाड़ियाँ** |
| **D. कांतली** | **iv. कोटड़ी गाँव** |

**कूट :**
(a) A-i, B-ii, C-iii, D-iv (b) A-i, B-iv, C-ii, D-iii
(c) A-iv, B-I, C-ii, D-iii (d) A-iii, B-ii, C-iv, D-i
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा राजस्थान में मरुस्थलीकरण का कारण नहीं है?**
(a) अतिचारण (b) वनोन्मूलन
(c) जनसंख्या दबाव (d) सूर्य ऊर्जा उत्पादन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**3. निम्नलिखित में कौन सी झीलें सिंचाई के काम में ली जाती हैं?**
(a) पिछोला और आनासागर झीलें
(b) कोलायत और पुष्कर झीलें
(c) जयसमन्द और राजसमन्द झीलें
(d) पचपदरा और सिलिसेढ़ झीलें
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**4. राजस्थान के निम्नलिखित में से कौन-से जिले 50 cm समवर्षा रेखा के पश्चिम में अवस्थित है?**
**(1) दौसा, (2) चूरू, (3) हनुमानगढ़, (4) भीलवाड़ा**
**कूट:**
(a) 1, 2, 3 (b) 1, 3, 4
(c) 2, 4 (d) 2, 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**5. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?**

| **अभयारण्य/संरक्षित क्षेत्र** | **जिला** |
|---|---|
| (a) बस्सी | चित्तौड़गढ़ |
| (b) सवाई मानसिंह | सवाई माधोपुर |
| (c) केसरबाग | भरतपुर |
| (d) शेरगढ़ | बारां |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**6. किस प्रकार की मिट्टी में जलधारण की क्षमता अधिक होती है?**
(a) लाल चिकनी मिट्टी (b) भूरी मिट्टी
(c) काली मिट्टी (d) लैटेराइट मिट्टी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**7. राजस्थान में हर साल सर्दियों में विभिन्न प्रकार के प्रवासी पक्षी आते हैं। कुरजां पक्षी (डेमोसिल क्रेन) कहाँ बहुत बड़ी संख्या में पहुँचते हैं?**
(a) सांभर झील (b) खींचन
(c) उदयपुर (d) अजमेर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**8. चेंपा एक बीमारी है-**
(a) खरीफ फसलों की (b) रबी फसलों की
(c) बागानी फसलों की (d) जायद फसलों की
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**9. निम्नलिखित में राजस्थान की कौन-सी विद्युत शक्ति परियोजना राज्य के साझे स्वामित्व में है?**
(a) माही परियोजना (b) सूरतगढ़ परियोजना
(c) छबड़ा परियोजना (d) सतपुड़ा परियोजना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**10. 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान का सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला कौन-सा है?**
(a) बांसवाड़ा (b) डूंगरपुर
(c) राजसमंद (d) प्रतापगढ़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**11. राजस्थान के कालकाजी और कावला में किस खनिज के भण्डार हैं?**
(a) चूना पत्थर (b) ग्रेनाइट
(c) मार्बल (d) चिकनी मिट्टी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**12. 'जिन्दोली सुरंग' राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में से किसमें स्थित है?**
(a) जयपुर (b) अलवर
(c) उदयपुर (d) राजसमंद
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**13. राजथान में "ऊंदरिया पंथ" किस जनजाति में प्रचलित है?**
(a) भीलों में (b) मीणाओं में
(c) सहरिया में (d) गरासिया में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**14. वन रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक अवर्गीकृत वन किस जिले में पाए जाते हैं?**
(a) जयपुर (b) उदयपुर
(c) बाराँ (d) बीकानेर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**15. 'सवाना तुल्य' वनस्पति किस जलवायु प्रदेश में पाई जाती है?**
(a) Cwg (b) BWhw
(c) Aw (d) BShw
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**16. 'गालव ऋषि' का आश्रम कहाँ स्थित है?**
(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) अजमेर (d) सिरोही
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**17. जेण्टलमेन्स एग्रीमेंट के विरुद्ध 'आजाद मोर्चा' का गठन किसने किया था?**
(a) माणिक्यलाल वर्मा (b) बाबा हरिश्चन्द्र
(c) सर प्रताप सिंह (d) जमनालाल बजाज
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**18. 'घुड़ला नृत्य' को निम्नलिखित किस संस्थान के द्वारा संरक्षण दिया गया?**
(a) जवाहर कला केन्द्र
(b) राजस्थान संगीत नाटक अकादमी
(c) रूपायन संस्थान
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**19. महाराणा प्रताप का दरबारी पंडित कौन था?**
(a) रामचरण (b) चंद्रमौलिमिश्र
(c) चंद्रधर (d) चक्रपाणि मिश्र
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**20. निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु आहड़ सभ्यता के स्थलों से संबंधित नहीं हैं?**
(a) चावल (b) कृष्ण-लोहित मृद्भाण्ड
(c) ताँबे की वस्तुएँ (d) चित्रित धूसर मृद्भाण्ड
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**21. निम्नलिखित में से किन अभिलेखों में प्रतिहारों को गुर्जर कहा गया है?**
**A. नीलगुण्ड, B. देवली, C. राधनपुर, D. कराड़**
**कूट:**
(a) केवल A व D (b) केवल A, C व D
(c) केवल A, B व C (d) A, B, C, D
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**22. निम्नलिखित सूची में से उन नेताओं को चुनिए जिन्होंने बिजोलिया किसान आंदोलन में भाग लिया -**
**I. साधू सीताराम दास II. विजयसिंह पथिक**
**III. माणिक्य लाल वर्मा IV. नारायणजी पटेल**
**सही कूट चुनिए:**
(a) I और II (b) I, II और III
(c) I, II और IV (d) I, II, III और IV
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**23. मादलिया नामक आभूषण कहाँ पहना जाता है?**
(a) भुजाओं में (b) ललाट पर
(c) गले में (d) कलाई में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**24. कितने सोपानों में सिरोही का राजस्थान में विलय हुआ ?**
(a) एक (b) दो
(c) तीन (d) चार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**25. किस दुर्ग का प्रवेश द्वार 'नौलखा दरवाजा' के नाम से जाना जाता है?**
(a) चित्तौड़ (b) सिवाना
(c) जालोर (d) रणथम्भौर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**26. चरी नृत्य कहाँ का प्रसिद्ध है?**
(a) पाली (b) भीनमाल
(c) किशनगढ़ (d) निम्बाहेडा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**27. देवनारायणजी की फड़ बांचते समय किस वाद्य यंत्र का प्रयोग किया जाता है?**
(a) रावणहत्था (b) जंतर
(c) ताशा (d) माठ
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**28. डूंगरपुर राज्य प्रजामण्डल की स्थापना कब हुई थी?**
(a) 1941 ई. (b) 1944 ई.
(c) 1943 ई. (d) 1942 ई.
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**29. सरदार रिसाला का गठन किस शासक के शासन काल में हुआ था?**
(a) महाराजा भीमसिंह (b) महाराजा विजयसिंह
(c) महाराजा उम्मेद सिंह (d) महाराजा जसवंत सिंह द्वितीय
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**30. कौन-सा सम्प्रदाय 'हंस सम्प्रदाय' के नाम से भी जाना जाता है?**
(a) निम्बार्क सम्प्रदाय (b) विश्नोई सम्प्रदाय
(c) गौड़ीय सम्प्रदाय (d) वल्लभ संप्रदाय
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**31. स्थान जहाँ, आऊवा ठाकुर कुशाल सिंह ने अपना अन्तिम समय व्यतीत किया, वह था-**
(a) आऊवा (b) उदयपुर
(c) कोठारिया (d) नीमच
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**32. किस पुरा-स्थल पर चित्रित शैलाश्रय प्राप्त हुए हैं?**
(a) कालीबंगा (b) बणावली
(c) बैराठ (d) आहड़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**33. तुर्रा कलंगी लोकनाट्य में 'तुर्रा' निम्नलिखित में से किसका प्रतीक है?**
(a) शिव (b) पार्वती
(c) सरस्वती (d) दुर्गा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**34. बादल विलास व उदयविलास महल किस झील के किनारे अवस्थित हैं?**
(a) फतेहसागर (b) अन्नासागर
(c) गैब सागर (d) राजसमन्द झील
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**35. विवाह के दिन वधू की माता द्वारा ओढ़ी गई ओढ़नी को क्या कहा जाता है?**
(a) पीरजोड़ (b) कवरजोड़
(c) पोमचा (d) चूनड़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**36. जयपुर के सिटी पैलेस में स्थित मुबारक महल का निर्माण किसने करवाया था?**
(a) सवाई प्रताप सिंह (b) सवाई जयसिंह
(c) सवाई माधोसिंह द्वितीय (d) मानसिंह प्रथम
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**37. निम्न में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**

| **(पुस्तकें)** | | **(लेखक)** |
|---|---|---|
| (a) हाला झाला री कुण्डलियाँ | - | इसरदास बारहठ |
| (b) गुणभाषा | - | हेमकवि |
| (c) महादेव पार्वती री वेलि | - | शिवदास गाडण |
| (d) राव जैतसी रो छन्द | - | बीठू सूजा |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**38. डॉ. एल.पी. टैस्सीटोरी ने राजस्थानी भाषा के कितने प्रकार बताए है?**

(a) दो (b) सात
(c) पाँच (d) एक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**39. सूची-I से सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए हुए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए -**

| **सूची-I (लेखक)** | **सूची-II (ग्रंथ)** |
|---|---|
| **(A) करणीदान** | **(I) अजितोदय** |
| **(B) दलपत विजय** | **(II) कान्हड़दे प्रबन्ध** |
| **(C) पद्मनाभ** | **(III) खुमाण रासो** |
| **(D) जगजीवन भट्ट** | **(III) सूरज प्रकाश** |

**कूट :**
(a) A-(IV), B-(III), C-(II), D-(I)
(b) A-(II), B-(I), C-(IV), D-(I)
(c) A-(I), B-(II), C-(III), D-(IV)
(d) A-(IV), B-(I), C-(II), D-(III)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**40. 'पर्यावरण चेतना' जैसी आधुनिक शब्दावली का महत्त्व बहुत पहले ही किस संत ने जान लिया था?**

(a) पीपाजी (b) जांभोजी
(c) लालदासजी (d) दादू दयालजी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**41. निम्नलिखित में से कौन-सा शुभंकर और जिला सही सुमेलित नहीं है?**

(a) काला तीतर - झुंझुनूं (b) चीतल हिरण - जयपुर
(c) भरतपुर - सारस (d) चूरू - मोर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**42. निम्नलिखित में से कौन-सी हवेली जयपुर में स्थित नहीं है?**

(a) पुरोहित जी की हवेली
(b) नटणी की हवेली
(c) रत्नाकर पुण्डरीक की हवेली
(d) बड़े देवता की हवेली
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**43. राजस्थान की पहली बॉक्सर जिसने इंटरनेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड जीता है?**

(a) कृष्णा पूनिया (b) अवनी लेखरा
(c) अरुंधती चौधरी (d) इनमें से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**44. राजस्थान की पहली बालक जनजाति हॉकी एकेडमी कहाँ स्थित है ?**

(a) डूंगरपुर (b) बाँसवाड़ा
(c) उदयपुर (d) प्रतापगढ़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**45. राजस्थान में अगस्त 2025 में हड़प्पा कालीन सभ्यता के अवशेष किस स्थान पर मिले हैं?**

(a) बिलोटा, बीकानेर (b) खेजरिया, जोधपुर
(c) रातडिया री डेरी, जैसलमेर (d) सांभर, जयपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**46. राजस्थान में 'मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना' के अंतर्गत ऋण पर ब्याज अनुदान की दर क्या है, जब ऋण राशि 5 करोड़ रुपये तक हो?**

(a) 5 प्रतिशत (b) 6 प्रतिशत
(c) 7 प्रतिशत (d) 8 प्रतिशत
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**47. 'शारदे बालिका छात्रावास योजना' की शुरुआत कब की गई थी?**

(a) 2008-09 (b) 2009-10
(c) 2011-12 (d) 2020-21
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**48. अंडर-17 वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली अश्विनी विश्नोई का संबंध किस जिले से है?**

(a) जालौर (b) बाड़मेर
(c) भीलवाड़ा (d) जयपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**49. ऑपरेशन खुशी के संबंध में सत्य कथन है?**

(a) इसका संचालन राजस्थान पुलिस द्वारा किया गया है
(b) इसका उद्देश्य गुमशुदा नाबालिक बालक-बालिकाओं की घर वापसी है।
(c) इस अभियान के 9वे चरण का आयोजन 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक किया गया।
(d) उपरोक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**50. निम्नलिखित में से राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग के प्रथम निर्वाचन आयुक्त कौन थे?**

(a) इन्द्रजीत खन्ना (b) अशोक कुमार पाण्डे
(c) अमरसिंह राठौड़ (d) डॉ. मधुकर गुप्ता
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**51. निम्नलिखित में से राजस्थान के राज्यपाल में कौन-सी शक्ति निहित नहीं है?**

(a) विधानसभा को आहूत करने की
(b) विधानसभा को स्थगित करने की
(c) विधानसभा का विघटन करने की
(d) विधानसभा के सत्रावसान की
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**52. किस अनुच्छेद के अंतर्गत यह कहा गया है कि राज्य विधानमंडल की भाषा हिंदी एवं अंग्रेजी होगी?**
(a) अनुच्छेद 249 (b) अनुच्छेद 210
(c) अनुच्छेद 213 (d) अनुच्छेद 205
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**53. ग्राम सभा की किसी बैठक में संकल्प पारित करने के लिए कितने बहुमत की आवश्यकता है?**
(a) ग्राम सभा के सदस्यों के मतों का बहुमत
(b) ग्राम सभा के सदस्यों के मतों का दो तिहाई बहुमत
(c) बैठक में उपस्थित और मत देने वाले ग्राम सभा के सदस्यों का बहुमत
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**54. राजस्थान में सर्वाधिक कांच उद्योग का विकास कहाँ पर हुआ है?**
(a) अलवर (b) जयपुर
(c) सवाई माधोपुर (d) धौलपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**55. राजस्थान सरकार द्वारा RTE नियमावली-2011 के किस नियम में वर्ष 2021 में संशोधन द्वारा विद्यार्थियों को नि:शुल्क यूनिफार्म की हकदारी प्रदान की गई?**
(a) नियम-11 (b) नियम-8
(c) नियम-9 (d) नियम-3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**56. राजस्थान के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं हैं?**
(a) ये प्रवेश वर्ष 2012–13 से दिए जा रहे है।
(b) अभिभावक अपने कैचमैंट एरिया के अन्तर्गत अधिकतम 5 इच्छित विद्यालयों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।
(c) राज्य स्तर पर NIC द्वारा प्रवेश हेतु वरीयता क्रम का निर्धारण किया जाता है।
(d) एन्ट्री लेवल कक्षा प्रथम होगी तथा प्रवेश आयु न्यूनतम 3 वर्ष तथा अधिकतम 10 वर्ष होगी।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**57. स्कूल को गोद लेने के लिए निम्न में से कौन-सा ऑनलाइन पोर्टल सर्वाधिक उपयुक्त रहेगा?**
(a) स्माइल (b) ई-मित्र
(c) ज्ञान संकल्प (d) ज्ञानवाणी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**58. सरकारी विद्यालयों को कब चेस इन स्कूल कार्यक्रम के अन्तर्गत शतरंज खेला जाएगा?**
(a) माह के प्रथम शनिवार (b) माह के द्वितीय शनिवार
(c) माह के तीसरे शनिवार (d) माह के अंतिम शनिवार को
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**59. शिविरा नामक पत्रिका प्रकाशित की जाती हैं-**
(a) SIERT द्वारा (b) RSTB द्वारा
(c) सूचना एवं अनसंपर्क निदेशालय द्वारा
(d) माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्थान द्वारा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**60. एलीट्स स्मार्ट गवर्नमेंट एक्सीलेंस अवार्ड-2025 से किसे किया सम्मानित किया गया है?**
(a) राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड
(b) राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
(c) राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(d) राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**61. खेलों इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान के अश्विन भारद्वाज ने जूडो में कितने किलोग्राम प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है?**
(a) 53 किलोग्राम (b) 72 किलोग्राम
(c) 81 किलोग्राम (d) 92 किलोग्राम
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**62. एशियाई पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले श्याम सुंदर स्वामी राजस्थान के किस जिले से संबंधित है?**
(a) जयपुर (b) जोधपुर
(c) टोंक (d) बीकानेर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**63. अरावली ग्रीन वॉल प्रोजेक्ट के संबंध में असत्य कथन है?**
(a) अरावली को मरुस्थलीकरण से बचाने के उद्देश्य से यह प्रोजेक्ट शुरू किया गया है।
(b) इस परियोजना में 900 किमी लंबी और 5 किमी चौड़ी हरित पट्टी विकसित की जायेगी।
(c) इस परियोजना के अन्तर्गत 4 राज्य के 29 जिले सम्मिलित किए गए है।
(d) इस परियोजना का लक्ष्य 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर भूमि को उपजाऊ बनाना है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**64. वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में स्वर्ण पदक जीतने वाले छगन मीणा का संबंध राजस्थान के किस जिले से है?**
(a) जयपुर (b) टोंक
(c) बीकानेर (d) सीकर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**65. हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अगस्त 2025 में राजस्थान के किस स्थान पर नेत्र महाकुंभ-2025 का आयोजन किया गया ?**
(a) रामदेवरा, जैसलमेर (b) पुष्कर, अजमेर
(c) रणथंभौर, सवाई माधोपुर (d) माउंट आबू, सिरोही
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**66. दिए गए कथनों पर विचार कर सही विकल्प चुनिए- -**
**कथन (A) वृद्धि आनुवंशिकता और वातावरण दोनों की परस्पर अन्तः क्रिया का उत्पाद होती है।**
**कथन (B) वृद्धि केवल परिमाणात्मक होती है।**
(a) केवल कथन A सही है। (b) केवल कथन B सही है।
(c) दोनों कथन गलत है। (d) दोनों कथन सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**67. समाज की अपेक्षा के अनुसार अपने व्यवहार को ढालना क्या कहलाता है-**
(a) विकासात्मक परिवर्तन (b) सामाजिक विकास
(c) कार्यात्मक परिवर्तन (d) शारीरिक परिवर्तन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**68. शैक्षिक मनोविज्ञान के प्रमुख क्षेत्र में सम्मिलित है?**
**1. समाज 2. अधिगम करने वाला**
**3. अधिगम की प्रक्रिया 4. अधिगम की स्थिति**
**कूट:-**
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**69. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सीखने का संज्ञानात्मक सिद्धांत है?**
(a) लेविन का क्षेत्र सिद्धांत (b) शास्त्रीय अनुबंधन सिद्धांत
(c) सक्रीय अनुबंधन सिद्धांत
(d) प्रयास व त्रुटि सिद्धांत
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**70. 'एक 15 वर्षीय लड़का एक मशहूर नायक के पहनावे, आदतों और विशेषताओं का अनुकरण करता है।' समायोजन की यह रक्षायुक्ति है-**
(a) मुक्तिकरण (b) प्रतिगमन
(c) प्रक्षेपण (d) तादात्मीकरण
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**71. व्यक्तित्व के विकास को समझाने के लिए किसने ऑडिपस कॉम्प्लेक्स एवं इलेक्ट्रा कॉम्प्लेक्स प्रत्यय का प्रयोग किया है?**
(a) जी.एच.मीड (b) सी. एच. कूले
(c) एस. फ्रायड (d) इनमें से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**72. निम्नलिखित मे से कौन-सी पुनर्बलन अनुसूची उच्चतम अनुक्रिया दर को उत्पन्न करती है?**
(a) निश्चित अन्तराल पुनर्बलन अनुसूची
(b) परिवर्तनीय अन्तराल पुनर्बलन अनुसूची
(c) परिवर्तनीय अनुपात पुनर्बलन अनुसूची
(d) निश्चित अनुपात पुनर्बलन अनुसूची
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**73. थर्स्टन ने कितनी प्राथमिक मानसिक क्षमताएँ बताई है?**
(a) 7 (b) 8
(c) 12 (d) 16
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**74. रमेश को बच्चों को पढ़ाना अच्छा लगता है इसलिए वह बी. एड. की प्रवेश परीक्षा के लिए खूब मेहनत करता है। वह अभिप्रेरित है-**
(a) आंतरिक रूप से (b) बाह्य रूप से
(c) बौद्धिक रूप से (d) दबाव से
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**75. प्रतिभाशाली बालक-**
(a) अपने निर्णयों में आत्मनिर्भर होते हैं।
(b) शिक्षको से स्वतंत्र होते हैं।
(c) स्वभाव में अंतर्मुखी होते हैं।
(d) अपनी आवश्यकताओं को दृढतापूर्वक नहीं कह पाते है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**76. ATM से निकलने वाली रसीद की छपाई हेतु प्रयुक्त प्रिंटर कौन-सा है?**
(a) थर्मल प्रिंटर (b) इंक जेट प्रिंटर
(c) ड्रम प्रिंटर (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**77. सॉफ्टवेयर के प्रकार के सम्बन्ध में सही है-**
**A. Application, B. System, C. Utility**
(a) केवल A, B (b) केवल A
(c) A, B, C (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**78. पहली फ्री ई - मेल सेवा होटमेल के जन्मदाता है?**
(a) शबीर भाटिया (b) आर. टोमलिंसन
(c) टीम बर्न्स ली (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**79. सरकार द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में 'ई-गवर्नेंस' केन्द्र की स्थापना कब की गई?**
(a) 15 अगस्त, 2000 (b) 12 अप्रैल, 2005
(c) 2 जनवरी , 2008 (d) 15 सितम्बर, 2002
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**80. आधार कार्ड के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन असत्य है?**
**1. यह uidai द्वारा जारी पहचान प्रमाण पत्र है।**
**2. इसमें अंकों की संख्या 11 होती है।**
**3. यह कार्ड प्रत्येक व्यक्ति को यूनिक पहचान प्रदान करता है।**
**कूट:**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**81. 1919 ई. में पंजाब में हुए अत्याचारों से अपने विरोध के प्रतीक के रूप में किस विख्यात व्यक्ति ने ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रदान की गई नाइट हुड की उपाधि को वापस लौटा दिया?**
(a) शंकर नायर (b) बाल गंगाधर तिलक
(c) रवीन्द्रनाथ टैगोर (d) दीनबंधु एफ. एंड्रूज
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**82. निम्नलिखित में से किसने प्रसिद्ध चटगाँव शस्त्रागार धावे को आयोजित किया था?**
(a) लक्ष्मी सहगल (b) मास्टर सूर्यसेन
(c) अवध बिहारी (d) भगत सिंह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**83. निम्नलिखित घटनाओं का सही अनुक्रम क्या है?**
**1. तिलक का होमरूल आन्दोलन**
**2. कामागाटामारू घटना**
**3. महात्मा गाँधी का भारत आगमन**
**कूट:-**
(a) 1, 2 और 3 (b) 3, 2 और 1
(c) 2, 1 और 3 (d) 2, 3 और 1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**84. यूएसए के सेन फ्रांसिस्को में 'गदर पार्टी' की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी?**
(a) लाला हरदयाल (b) लाला लाजपत राय
(c) बाल गंगाधर तिलक (d) विपिनचन्द्र पाल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**85. सूची-I (1857 के विप्लव के नायक) को सूची-II (उनके कार्यक्षेत्र) से सुमेलित कीजिए–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. बख्त खाँ | 1. फैज़ाबाद |
| B. मौलवी अहमदुल्ला | 2. कानपुर |
| C. कुँवर सिंह | 3. आरा |
| D. नाना साहब | 4. दिल्ली |

**कूट:–**
(a) A-3, B-1, C-2, D-4 (b) A-3, B-2, C-4, D-1
(c) A-4, B-1, C-3, D-2 (d) A-4, B-3, C-1, D-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**86. मुगल प्रशासन में 'मदद-ए-माश' से तात्पर्य है–**
(a) चुंगी कर
(b) विद्धानों को दी जाने वाली राजस्व मुक्त अनुदत्त भूमि
(c) सैन्य अधिकारियों को दी जाने वाली पेंशन
(d) बुवाई कर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**87. फतेहपुर सीकरी का इबादतखाना क्या था?**
(a) राज परिवार के इस्तेमाल के लिए मस्जिद
(b) अकबर का आरामगाह
(c) वह भवन जिसमें, विभिन्न धर्मों के विद्वानों के साथ अकबर चर्चा करता था।
(d) वह कमरा जिसमें विभिन्न धर्म वाले कुलीन-जन धार्मिक बातों के विचारार्थ जमा होते थे।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**88. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित है?**
(a) दीवान-ए-बन्दगान - फिरोजशाह तुगलक
(b) दीवान-ए-मुस्तखराज - बलबन
(c) दीवान-ए-कोही - अलाउद्दीन खिलजी
(d) दीवान-ए-अर्ज - मुहम्मद बिन तुगलक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**89. मौर्य काल में भूमि कर, जो कि राज्य की आय का मुख्य स्रोत था, निम्नलिखित में से किस अधिकारी द्वारा एकत्रित किया जाता था?**
(a) अग्रोनोमाई (b) शुल्काध्यक्ष
(c) सीताध्यक्ष (d) अक्राध्यक्ष
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**90. निम्न में से किस शिलालेख में अशोक द्वारा पारंपरिक अवसरों पर पशु बलि पर रोक लगाने की जानकारी मिलती है?**
(a) पहले शिलालेख (b) चौथे शिलालेख
(c) नौवें शिलालेख (d) तेहरवें शिलालेख
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**91. स्यादवाद का सिद्धांत निम्न में से किस धर्म से संबंधित है?**
(a) बौद्ध धर्म से (b) शैव धर्म से
(c) जैन धर्म से (d) वैष्णव धर्म से
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**92. बौद्ध धर्म निम्न में से किन मतों पर विश्वास करता है?**
**1. दुनिया दु:खों से भरी है।**
**2. लोगों को दु:ख उनकी इच्छाओं के कारण होता है।**
**3. यदि इच्छाओं पर काबू पा लिया जाए, तो निर्वाण मिल जाएगा।**
**4. ईश्वर और आत्मा के अस्तित्व को स्वीकार करना चाहिए।**
(a) 1, 2, 3 और 4 (b) 1 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 2, 3 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**93. प्रसिद्ध गायत्री मंत्र निम्न में से किस वेद से लिया गया है?**
(a) यजुर्वेद (b) अथर्ववेद
(c) ऋग्वेद (d) सामवेद
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**94. सिन्धु घाटी सभ्यता का पत्तन नगर (बंदगाह) निम्नलिखित में से कौन-सा है?**
(a) रंगपुर (b) लोथल
(c) रोपड़ (d) मोहनजोदड़ो
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**95. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. मगध | 1. राजगृह |
| B. मत्स्य | 2. विराट नगर |
| C. अंग | 3. चंपा |
| D. कुरु | 4. इंद्रप्रस्थ |

**कूट:–**
(a) A-3, B-1, C-2, D-4 (b) A-3, B-2, C-4, D-1
(c) A-1, B-2, C-3, D-4 (d) A-4, B-3, C-1, D-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**96. निम्नलिखित में से किस शासक ने 'दलपुंगल' व 'रायपिथौरा' की उपाधियाँ धारण की थी?**
(a) महाराजा राजसिंह
(b) सम्राट पृथ्वीराज चौहान तृतीय
(c) महाराजा जसवंतसिंह प्रथम
(d) महाराजा मानसिंह प्रथम
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**97. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें–**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. योग | 1. गौतम |
| B. न्याय | 2. बादरायण |
| C. वैशेषिक | 3. कणाद |
| D. उत्तरी मीमांसा | 4. पतंजलि |

**कूट:–**

(a) A-3, B-1, C-2, D-4 (b) A-3, B-2, C-4, D-1
(c) A-4, B-1, C-3, D-2 (d) A-4, B-3, C-1, D-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**98. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. सरोजिनी नायडू कांग्रेस की अध्यक्ष बनने वाली प्रथम महिला थी।**
**2. महात्मा गाँधी ने दो बार कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में कार्य किया था।**
**3. एलन ऑक्टेवियन ह्यूम प्रथम ब्रिटिश नागरिक थे, जो कांग्रेस अध्यक्ष बने।**
**4. दादा भाई नौरोजी के कहने पर 'भारतीय राष्ट्रीय संघ' का नाम बदलकर 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' रखा गया।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

(a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
(c) 2 और 4 (d) 1, 2 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**99. हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोशिएन (HSRA) की स्थापना कहाँ की गई थी?**

(a) मुम्बई (b) दिल्ली
(c) कलकत्ता (d) कानपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**100. निम्नलिखित में असुमेलित युग्म की पहचान कीजिए-**

(a) व्यक्तिगत सत्याग्रह - 1940
(b) सांप्रदायिक पंचाट - 1932
(c) नेहरू रिपोर्ट - 1929
(d) स्वराज पार्टी की स्थापना - 1923
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**101. निम्न में से किस अनुच्छेद के अनुसार भारतीय संविधान अन्तर्राज्यीय परिषद् के संबंध में प्रावधान करता है?**

(a) अनुच्छेद - 261 (b) अनुच्छेद - 263
(c) अनुच्छेद - 268 (d) अनुच्छेद - 269
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**102. भारत के संविधान में पंचायतों तथा नगरपालिकाओं से सम्बन्धित 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधन के समय भारत के प्रधानमंत्री कौन थे?**

(a) राजीव गाँधी (b) इंदिरा गाँधी
(c) पी. वी. नरसिम्हा राव (d) वी. पी. सिंह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**103. निम्नलिखित में से किस के वाद में उच्चतम न्यायालय ने 'संविधान के मूल ढाँचे' का सिद्धांत प्रतिपादित किया था?**

(a) गोलकनाथ वाद (b) गोपालन वाद
(c) केशवानंद भारती वाद (d) मेनका गाँधी वाद
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**104. धन विधेयक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**
**A. धन विधेयक के सम्बन्ध में संयुक्त अधिवेशन का प्रावधान है।**
**B. धन विधेयक को संविधान के अनुच्छेद-110 के अन्तर्गत वर्णित किया गया है।**
**C. धन विधेयक का विषय क्षेत्र वित्त विधेयक की अपेक्षा सीमित होता है। अत: प्रत्येक धन विधेयक वित्त विधेयक होता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

(a) केवल A (b) केवल A और C
(c) केवल B (d) केवल B और C
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**105. दल-बदल विरोधी कानून किस वर्ष में पारित किया गया था?**

(a) वर्ष 1983 (b) वर्ष 1985
(c) वर्ष 1988 (d) वर्ष 1989
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**106. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन असत्य है?**

(a) राष्ट्रपति किसी भी समय अपने द्वारा जारी किए गए अध्यादेशों को वापस ले सकता है।
(b) जब संसद अथवा राज्य विधानमण्डल के दोनों सदन या कोई एक सदन सत्र में न हो तथा कानून लागू करना अत्यंत आवश्यक हो, तब जारी अध्यादेश ही कानून होता है।
(c) अध्यादेश का वही बल और प्रभाव होता है, जो संसद द्वारा पारित अधिनियम का होता है।
(d) अध्यादेश मूल अधिकारों का अतिक्रमण कर सकते हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**107. राष्ट्रपति के विरुद्ध महाभियोग प्रस्ताव पास करने के लिए कितने सदस्यों का समर्थन चाहिए?**

(a) सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले कम-से-कम 3/4 सदस्य
(b) सदन के कुल सदस्यों में से कम-से-कम 2/3 सदस्य
(c) सदन के कुल सदस्यों में से बहु-संख्यक सदस्य
(d) सदन के विशेष बहुमत
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**108. 42वें संविधान संशोधन द्वारा निम्न में से कौन-सा सिद्धांत राज्य के नीति के निदेशक तत्त्वों में जोड़ा गया था?**

(a) पुरुष और स्त्री दोनों के लिए समान कार्य का समान वेतन
(b) उद्योगों के प्रबंधन में कामगारों की सहभागिता
(c) काम, शिक्षा और सार्वजनिक सहायता पाने का अधिकार
(d) श्रमिकों के लिए निर्वाह-योग्य वेतन एवं काम की मानवीय दशाएँ सुरक्षित करना।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**109. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में यह उल्लेख है कि राज्य निधि से संपोषित कुओं, तालाबों एवं स्नान-घाटों के का प्रयोग करने से किसी भी नागरिक को वंचित नहीं किया जा सकता है?**

(a) अनुच्छेद-12 (b) अनुच्छेद-15
(c) अनुच्छेद-18 (d) अनुच्छेद-17
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**110. निम्नलिखित में से किस मौलिक अधिकार को डॉ. अम्बेडकर ने 'संविधान की आत्मा' कहा है?**
(a) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(b) धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार
(c) समता का अधिकार
(d) स्वतंत्रता का अधिकार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**111. भारतीय संविधान की उद्देशिका के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. इसे 'संविधान की कुँजी' कहा जाता है।**
**2. इसके अनुसार संविधान में निहित समस्त शक्ति का स्रोत भारत के लोगों के द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि हैं और वे सर्वोच्च सम्प्रभुता धारण करते हैं।**
**3. बेरूबारी वाद (1960) में उच्चतम न्यायालय ने उद्देशिका को संविधान का अंग माना, इसलिए संसद इसमें संशोधन नहीं कर सकती।**
**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1 और 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**112. भारतीय संविधान में उल्लिखित एकल नागरिकता का प्रावधान किस देश के संविधान से लिया गया हैं?**
(a) संयुक्त राज्य अमेरिका (b) यूनाइटेड किंगडम
(c) जर्मनी (d) आयरलैंड
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**113. निम्नलिखित में से संविधान सभा की संघ संविधान समिति के अध्यक्ष कौन थे?**
(a) सरदार वल्लभ भाई पटेल (b) जे. वी. कृपलानी
(c) जवाहरलाल नेहरू (d) कृष्णास्वामी अय्यर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**114. भारतीय संविधान को कब अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया?**
(a) 26 जनवरी, 1950 को (b) 26 दिसम्बर, 1949 को
(c) 26 नवम्बर, 1949 को (d) 30 नवम्बर, 1949 को
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**115. राजस्थान में प्रथम चीनी उद्योग कहाँ स्थापित किया गया था?**
(a) ब्यावर, अजमेर (b) कमीनपुरा, श्रीगंगानगर
(c) केशोरायपाटन, बूंदी (d) भोपालसागर, चित्तौड़गढ़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**116. चन्द्रग्रहण तब होता है, जब-**
(a) चन्द्रमा व पृथ्वी के बीच चन्द्रमा हो
(b) चन्द्रमा व सूर्य के बीच पृथ्वी नहीं हो
(c) सूर्य व चन्द्रमा के बीच पृथ्वी हो
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**117. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें –**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| **A. चिनूक** | **1. सहारा मरुस्थल** |
| **B. सिरोक्को** | **2. संयुक्त राज्य अमेरिका** |
| **C. ब्रिक फील्डर्स** | **3. ऑस्ट्रेलिया** |
| **D. बोरा** | **4. एड्रियाटिक सागर** |

**कूट:-**
(a) A-3, B-1, C-2, D-4 (b) A-2, B-1, C-3, D-4
(c) A-1, B-4, C-3, D-2 (d) A-4, B-3, C-1, D-2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**118. फ्रांस का लॉरेन प्रदेश किस हेतु प्रसिद्ध है?**
(a) कागज उद्योग (b) लौह इस्पात उद्योग
(c) सूती वस्त्र उद्योग (d) रसायन उद्योग
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**119. वायुमण्डल में पायी जाने वाली गैसों का आरोही क्रम है**
(a) कार्बनडाईऑक्साइड < नाइट्रोजन < ऑक्सीजन < आर्गन
(b) कार्बनडाईऑक्साइड < आर्गन < ऑक्सीजन < नाइट्रोजन
(c) आर्गन < कार्बनडाईऑक्साइड < ऑक्सीजन < नाइट्रोजन
(d) आर्गन < ऑक्सीजन < कार्बनडाईऑक्साइड < नाइट्रोजन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**120. निम्नलिखित में से कौन-सी जलधारा अटलांटिक महासागर में प्रवाहित नही होती है?**
(a) लैब्राडोर की धारा (b) पेरू या हम्बोल्ट की धारा
(c) फाकलैंड की धारा (d) कनारी की धारा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**121. निम्नलिखित में से कौन-सा देश विश्व में सर्वाधिक कॉफ़ी का उत्पादन करता है?**
(a) चीन (b) भारत
(c) ब्राजील (d) पेरू
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**122. भारत का अक्षांशीय व देशांतरीय विस्तार क्रमशः है-**
(a) 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी अक्षांश तथा 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पश्चिमी देशान्तर तक
(b) 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी अक्षांश तथा 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पूर्वी देशान्तर तक
(c) 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' दक्षिणी अक्षांश तथा 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पूर्वी देशान्तर तक
(d) 68°7' उत्तरी अक्षांश से 97°25' उत्तरी अक्षांश तथा 8°4' पूर्वी देशान्तर से 37°6' पूर्वी देशान्तर तक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**123. ग्रैंड बैंक और डोगर बैंक निम्न में से किससे संबंधित हैं?**
(a) ज्वारीय बिजली संयंत्र
(b) मुख्य मछली पकड़ने का क्षेत्र
(c) स्कूबा डाइविंग
(d) शिपिंग
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**124. पृथ्वी के परिभ्रमण गति के संदर्भ में असत्य कथन है/हैं-**
(a) परिभ्रमण गति में पृथ्वी सूर्य के चारों ओर पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर घूमती है।
(b) इसी कारण पृथ्वी पर दिन-रात होते हैं।
(c) परिभ्रमण गति में पृथ्वी का अपने अक्ष के सापेक्ष पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर लट्टू की भांति घूमती है ।
(d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**125. भारत में निम्नलिखित राज्यों को उनके वनों के क्षेत्रफल के अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए (18 वीं वन रिपोर्ट के अनुसार) तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**
**1. मध्य प्रदेश** **2. अरुणाचल प्रदेश**
**3. छत्तीसगढ़** **4. ओडिशा**
(a) 1,3,4,2 (b) 1,2,3,4
(c) 4,3,1,2 (d) 2,3,4,1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**126. राष्ट्रीय बहु-आयामी गरीबी सूचकांक 2021 के सम्बन्ध में असत्य कथन है -**
(a) इसे नीति आयोग द्वारा जारी किया जाता है ।
(b) इसे प्रमुख दो आधारों - स्वास्थ्य, व जीवन स्तर व 10 आयामों के आधार पर जारी किया जाता है।
(c) इसके आधार पर भारत का 109 देशों में से 66वाँ स्थान है।
(d) इस सूचकांक राजस्थान देश में पोषण के मामले में 8वाँ स्थान पर है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**127. अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र में किसे शामिल नहीं किया जाता है?**
(a) पशुपालन (b) खनन एवं उत्खनन
(c) होटल (d) वन एवं वानिकी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**128. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) एक लेखा वर्ष में एक देश की घरेलू सीमा से बाहर सभी उद्यमियों, चाहे वे निवासी हों या अनिवासी द्वारा की गई सकल मूल्य वृद्धि को सकल घरेलू उत्पाद (GDP) कहा जाता है।
(b) शुद्ध घरेलू उत्पाद (NDP) = GDP - मूल्य ह्रास
(c) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (NNP) = GNP - मूल्य ह्रास
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**129. उपभोक्ता के कुल कितने वैधानिक अधिकार है?**
(a) 4 (b) 6
(c) 9 (d) 11
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**130. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-**

| कृषि सम्बन्धित योजनाएँ | वर्ष |
|---|---|
| 1. राजीव गाँधी कृषक साथी योजना | (i) 2012 |
| 2. राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, व्यवसाय व निर्यात प्रोत्साहन योजना | (ii) 2021 |
| 3. किसान ऊर्जा मित्र योजना | (iii) 2019 |
| 4. राजस्थान कृषि प्रतिस्पर्धात्मक योजना | (iv) 2009 |

(a) 1-iv, 2-iii, 3-ii, 4-i (b) 1-iv, 2-ii, 3-i, 4-iii
(c) 1-i, 2-iv, 3-ii, 4-iii (d) 1-iv, 2-iii, 3-i, 4-ii
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**131. निम्न में से कौनसी विधि राष्ट्रीय आय के मापन की विधि है?**
(a) उत्पादन -योग विधि (b) आय विधि
(c) व्यय विधि (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**132. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना किस वर्ष की गई थी?**
(a) 1945 (b) 1947
(c) 1995 (d) 2002
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**133. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) बजटीय घाटा = कुल प्राप्ति - कुल व्यय
(b) राजस्व घाटा = कुल राजस्व प्राप्ति - कुल राजस्व व्यय
(c) राजकोषीय घाटा = राजस्व घाटा - पूँजीगत व्यय
(d) प्राथमिक घाटा = सकल राजकोषीय घाटा - ब्याज दायित्व
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**134. निम्न में से कौन-सी समिति का संबंध बैंकिंग सुधार से है?**
(a) दान्तेवाला समिति (b) जी. रामचन्द्रन समिति
(c) नरसिंहम समिति (d) बलवंत राय समिति
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**135. निम्न में से कौन-सा साख नियंत्रण रिज़र्व बैंक द्वारा किए जाने वाले मात्रात्मक साख नियंत्रण में सम्मिलित है?**
(a) बैंक दर (b) रेपो दर
(c) रिवर्स रेपो दर (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**136. मानव विकास सूचकांक (HDI) किसके द्वारा प्रकाशित किया जाता है?**
(a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (b) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(c) विश्व आर्थिक मंच (d) विश्व बैंक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**137. निम्नलिखित में से असुमेलित की पहचान करें-**

| पुस्तक | लेखक |
|---|---|
| (a) दास कैपिटल | कार्ल मार्क्स |
| (b) फ्री ट्रेड टुडे | पी. एन. भगवती |
| (c) प्लानिंग एण्ड द पुअर | बी. एस. मिन्हास |
| (d) एशियन ड्रामा | गुर्नार मिर्डाल |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**138. 'एक देश, एक राशन कार्ड' (One Nation, One Ration Card) योजना किस वर्ष शुरू की गई थी?**
(a) अगस्त, 2019 (b) जुलाई, 2020
(c) अगस्त, 2021 (d) दिसम्बर, 2019
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**139. आर्थिक समीक्षा 2024- 25के अनुसार स्थिर कीमतों पर राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान कितना रहा?**
(a) 26.54 % (b) 25.00%
(c) 30.45% (d) 44.81%
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**140. भारतीय रुपये के अवमूल्यन को रोकने के लिए सरकार/RBI द्वारा निम्नलिखित में से कौन सा सबसे संभावित उपाय नहीं है?**
(a) गैर-आवश्यक वस्तुओं के आयात पर अंकुश लगाना और निर्यात को बढ़ावा देना।
(b) भारतीय उधारकर्ताओ को रुपया मूल्यवर्ग मसाला बांड जारी करने के लिए प्रोत्साहित करना।
(c) बाहरी वाणिज्यिक उधार से संबंधित शर्तों को आसान बनाना।
(d) विस्तारवादी मौद्रिक नीति का अनुसरण।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**141. सामाजिक अध्ययन शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए -**
(a) भूगोल की जानकारी देना
(b) इतिहास स्मरण करवाना
(c) राजनीतिक स्थितियों का ज्ञान देना
(d) सामाजिक गुणों का विकास करना
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**142. सामाजिक अध्ययन की शिक्षण विधि होनी चाहिए -**
(a) विषय केन्द्रित
(b) शिक्षक प्रधान
(c) बाल केन्द्रित
(d) सहायक सामग्री प्रधान
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**143. सामाजिक अध्ययन के शिक्षक के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है कि वह-**
(a) प्रसन्न व्यक्तित्व का हो
(b) देशाटन से प्रेम करें
(c) तत्कालीन घटनाओं का ज्ञान रखें
(d) सौन्दर्य प्रेमी हो
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**144. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन शिक्षण सहायक सामग्री के संदर्भ में सही नहीं हैं?**
(a) पोस्टर, प्रक्षेपी सामग्री है।
(b) मानचित्र, दृश्य सामग्री है।
(c) ग्राफ एवं चार्ट, दृश्य सामग्री हैं।
(d) प्रिंटेड मानचित्र अप्रक्षेपी सामग्री के उदाहरण है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**145. सामाजिक अध्ययन विषय में पर्यटन निम्नलिखित दृष्टि से सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है -**
(a) मनोरंजन (b) प्रत्यक्ष ज्ञानार्जन
(c) कक्षा- कक्ष से दूरी (d) सामूहिक समायोजन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**146. श्यामपट्ट को शिक्षण सहायक के किस वर्ग में रखा जा सकता है?**
(a) श्रव्य साधन (b) दृश्य साधन
(c) श्रव्य - दृश्य साधन (d) मशीन संचालित साधन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**147. प्रायोजना विधि महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि -**
(a) यह विद्यार्थियों को सृजनशील बनने के लिए सक्षम बनाती है।
(b) यह विद्यार्थियों के लिए कुछ कार्य सृजित करती है।
(c) ‘करके सीखना' अधिक स्थायी अधिगम होता है।
(d) यह शिक्षकों को सृजनशील बनने के लिए सक्षम बनाता है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**148. निम्नलिखित में से कौन-सी शिक्षक सहायक सामग्री महाद्वीपों के आनुपातिक आकार एवं आकृति को प्रदर्शित करने के लिये सर्वाधिक उपयुक्त है -**
(a) पृथ्वी का पोस्टर
(b) विश्व का राजनैतिक मानचित्र
(c) विश्व का भौतिक मानचित्र
(d) ग्लोब
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**149. वस्तुनिष्ठ प्रकार के परीक्षणों की निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता नहीं हैं?**
(a) विश्वसनीयता (b) वैद्यता
(c) वस्तुनिष्ठता (d) व्यक्तिनिष्ठा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**150. निम्नलिखित में से किसके लिए उपचारात्मक शिक्षण किया जा सकता है?**
(a) निर्धन परिवार के बालकों के लिए
(b) ग्रामीण पृष्ठभूमि के बालकों के लिए
(c) अक्षम बालकों के लिए
(d) कोई भी शिक्षार्थी जो सामान्य कक्षा-कक्षीय पद्धतियों के प्रति - प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करता
(e) अनुत्तरित प्रश्न

♦♦♦♦

**1. [b]**

**व्याख्या:-**

| नदी | उद्गम स्थल |
|---|---|
| साबी | सेवर पहाड़ियाँ |
| काकनी | कोटड़ी गाँव |
| बाणगंगा | बैराठ पहाड़ियाँ |
| कांतली | खण्डेला पहाड़ियाँ |

**2. [d]**

**व्याख्या:-**

– **राजस्थान में मरुस्थलीकरण के प्रमुख कारण -** अतिचारण, वनोन्मूलन, जनसंख्या दबाव, जलवायु परिवर्तन इत्यादि।

**3. [c]**

**व्याख्या:-**

– जयसमंद झील (उदयपुर) एवं राजसमन्द झील (राजसमन्द) दोनों सिंचाई हेतु उपयोग में ली जाती है।

**4. [d]**

**व्याख्या:-**

– चूरू और हनुमानगढ़ 50 cm वर्षा रेखा के पश्चिम में स्थित जिले है। 50 cm वर्षा रेखा राजस्थान को दो भागों में विभाजित करती है।

**5. [c]**

**व्याख्या:-**

– केसरबाग अभयारण्य धौलपुर में स्थित है, जिसे नवम्बर, 1955 में अभयारण्य घोषित किया गया।

– रामसागर तथा वन विहार अभयारण्य भी धौलपुर में स्थित है।

**6. [c]**

**व्याख्या:-**

– काली मिट्टी के कण बारीक होने के कारण इसकी जल धारण क्षमता सर्वाधिक होती है।

– यह मिट्टी कपास की खेती के लिए उपयोगी होती है।

– इस मिट्टी का विस्तार हाड़ौती का पठार है।

**7. [b]**

**व्याख्या:-**

– **कुरजां पक्षी-**

– **वैज्ञानिक नाम-** डोमाइजल क्रेन/ डेमोसिल क्रेन खींचन (फलौदी), लूनी, गुढ़ा विश्नोई (जोधपुर) तालछापर (चूरू), घना (भरतपुर) में प्रवासी पक्षी रूप में आते है।

**8. [b]**

**व्याख्या:-**

– चेंपा रबी की फसलों में होने वाली बीमारी है, ये मुख्यतः माहू या चेंपा नामक कीटों के कारण होती है, ये कीट शिशु एवं प्रौढ़ पौधो के कोमल तनों, पतियों, फूलों एवं नई फलियों से रस चूसकर उसे कमजोर क्षतिग्रस्त कर देते है। इससे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया बाधित हो जाती है।

**9. [d]**

**व्याख्या:-**

– **सतपुड़ा थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट-** बेतुल (मध्यप्रदेश)

– इस योजना में राज्य का अंश 40 प्रतिशत है।

– इसकी कुल क्षमता 1330 MW है, जो कोयला आधारित परियोजना है।

**10. [b]**

**व्याख्या:-**

– 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान का लिंगानुपात = 928

– **सर्वाधिक लिंगानुपात वाले जिले -**
(1) डूंगरपुर (994) (2) राजसमंद (990) (3) पाली (987)

– **न्यूनतम लिंगानुपात वाले जिले -**
(1) धौलपुर (846) (2) जैसलमेर 852 (3) करौली (861)

**11. [b]**

**व्याख्या:-**

– जालोर को 'राजस्थान की ग्रेनाइट सिटी' कहा जाता है। जालोर जिले के कालकाजी और कावला क्षेत्रों में ग्रेनाइट के भंडार है।

**12. [b]**

**व्याख्या:-**

– अलवर जिले में स्थित जिंदोली सुरंग राजस्थान की पहली सड़क यातायात सुरंग है।

– यह सुरंग 1996 से 1999 के बीच बनी।

– यह सुरंग 500 मीटर लम्बी है तथा इसमें 9 मीटर चौड़ा रास्ता है। सुरंग की ऊंचाई 30 फीट है।

**13. [a]**

**व्याख्या:-**

– भील जनजाति में प्रचलित ऊंदरिया पंथ अति वाम मार्गी पंथ है। यह जयसमंद झील (सलूम्बर) के आस-पास क्षेत्रों में प्रचलित है।

**14. [d]**

**व्याख्या:-**

– राजस्थान वन विभाग की प्रशासनिक प्रतिवेदन की रिपोर्ट-2023-24 के अनुसार राजस्थान में अवर्गीकृत वन सर्वाधिक बीकानेर में पाए जाते हैं।

**15. [c]**

**व्याख्या:-**

– कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार सवाना तुल्य वनस्पति Aw (उष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश) में पाई जाती है।

**16. [b]**

**व्याख्या:-**

– गाल्व ऋषि/गलता जी पीठ जयपुर में स्थित है।

– यह प्राचीन हिंदू तीर्थ 15वीं शताब्दी से वैष्णव रामानुज

– सम्प्रदाय से संबंधित है तथा कृष्णदास पयहारी का संबंध इसी पीठ से है।

**17. [b]**

**व्याख्या:-**

– **जेण्टलमेन्स एग्रीमेन्ट** : 17 सितम्बर, 1942 को जयपुर प्रजामण्डल के हीरालाल शास्त्री तथा जयपुर राज्य के प्रधानमंत्री मिर्जा इस्माइल के मध्य।

– इस एग्रीमेन्ट के विरोध में बाबा हरिश्चन्द्र ने प्रजामण्डल से अलग होकर वर्ष 1942 में आजाद मोर्चा का गठन किया था तथा भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया, परन्तु वर्ष 1945 में नेहरू जी के प्रयासों से आजाद मोर्चा का पुन: प्रजामण्डल में विलय किया गया।

**18. [c]**

**व्याख्या:-**

- वर्ष 1960 में रूपायन संस्थान की स्थापना कोमल कोठारी तथा विजयदान देथा द्वारा की गई थी।
- घुड़ला नृत्य को संरक्षण रूपायन संस्थान (बोरून्दा, जोधपुर) द्वारा किया गया। यह संस्था विलुप्त होने वाली लोककलाओं को संरक्षित करने का कार्य करती है।

**19. [d]**

**व्याख्या:-**

- महाराणा प्रताप का शासनकाल 1572 से 1597 तक रहा।
- इनके दरबारी पंडित चक्रपाणि मिश्र थे, जिनके द्वारा रचित विश्ववल्लभ ग्रंथ, मुहूर्तमाला, राज्याभिषेक पद्धति आदि थे।

**20. [d]**

**व्याख्या:-**

- आहड़ सभ्यता उदयपुर में आयड़/बेड़च नदी के किनारे विकसित हुई, जिसे स्थानीय भाषा में धूलकोट कहा जाता है।
- आहड़ सभ्यता से प्राप्त वस्तुएँ–
- चावल, कृष्ण-लोहित मृद्भाण्ड, ताँबे की वस्तुएँ अनाज पीसने की चक्की, अनाज रखने के मृद्भाण्ड (गोरे या कोठे), महासतियों का टीला आदि।

**21. [d]**

**व्याख्या:-**

- नीलगुन्ड, देवली, राधनपुर और कराड़ अभिलेखों में प्रतिहारों को गुर्जर कहा गया है।
- इस राजवंश की स्थापना छठी शताब्दी में हुई। प्रतिहार का शाब्दिक अर्थ द्वारपाल होता है। स्कन्द पुराण के पंच द्रविड़ों में गुर्जरों का उल्लेख मिलता है।
- अलमसूदी ने गुर्जर-प्रतिहार को 'अल गुर्जर' कहा है।

**22. [d]**

**व्याख्या:-**

- बिजोलिया किसान आंदोलन (1897-1941) इतिहास का सबसे लंबा चलने वाला अहिंसक किसान आंदोलन था, जो 44 साल तक चला।
- इस किसान आन्दोलन की शुरुआत मेवाड़ रियासत के प्रथम श्रेणी के ठिकाने बिजोलिया के गिरधरपुरा गाँव में धाकड़ जाति के किसानों द्वारा की गई थी।
- साधु सीताराम दास ने बिजोलिया किसान आंदोलन के पहले चरण (1897-1915) का नेतृत्व किया। नारायण जी पटेल ने बिजोलिया किसान आन्दोलन के प्रथम चरण में भाग लिया था। दूसरे चरण (1915-1923) का नेतृत्व विजय सिंह पथिक द्वारा किया गया।
- तीसरे और अंतिम चरण (1923-1941) का नेतृत्व जमनालाल बजाज तथा माणिक्य लाल वर्मा द्वारा किया गया।

**23. [c]**

**व्याख्या:-**

- **गले के आभूषण:** मादलिया, हार, पत्रलता, कंठिका, हमेल, तुलसी, टुस्सी, बजट्टी, हालरो, हाँसली, तिमणियाँ, चंद्रहार, कंठमाला, हाँकर, हंसहार, सरी, कंठी, झालर, आड़, चंपाकली, वैजयन्ती,निंबोली इत्यादि।

**24. [b]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में सिरोही का विलय दो सोपानों में हुआ था।
- राजस्थान के एकीकरण में छठे चरण 26 जनवरी, 1950 को संयुक्त वृहद राजस्थान में सिरोही (आबू और देलवाड़ा को छोड़कर) को मिला कर राजस्थान संघ का निर्माण किया गया तथा 1 नवम्बर, 1956 को एकीकरण के अंतिम चरण में राजस्थान संघ में आबू और देलवाड़ा का विलय किया गया।

**25. [d]**

**व्याख्या:-**

- सवाई माधोपुर स्थित रणथम्भौर दुर्ग का निर्माण चौहान शासकों ने करवाया था।
- नौलखा दरवाजा इस दुर्ग का प्रवेश द्वार है।
- इस दुर्ग में राजस्थान का पहला साका सन् 1301 में हम्मीर देव चौहान के समय हुआ था। हम्मीर ने केसरिया किया तथा रानी रंग देवी ने जल जौहर किया था।
- अबुल फजल ने इसके बारे में कहा कि अन्य सब दुर्ग नंगे है**,**यह बख्तरबंद है। 21 जून, 2013 को रणथंभोर को विश्व धरोहर घोषित किया गया।

**26. [c]**

**व्याख्या:-**

- गुर्जर जाति का प्रमुख नृत्य चरी नृत्य मुख्यत: किशनगढ़ (अजमेर) का प्रसिद्ध व्यावसायिक लोकनृत्य है।
- इस नृत्य में कलाकार सिर पर चरी रखकर एवं ऊपरी चरी पर कपास के तेल से दीपक जला कर नृत्य करती है।
- यह नृत्य मांगलिक अवसरों पर किया जाता है।
- फलकू बाई का सम्बन्ध चरी नृत्य से है।

**27. [b]**

**व्याख्या:-**

- देवनारायणजी की फड़ का वाचन गुर्जर जाति के भोपों द्वारा जंतर वाद्ययंत्र द्वारा किया जाता है।
- देवनारायण जी की फड़ सबसे बड़ी फड़ है।
- देवनारायण जी प्रथम लोक देवता है जिस पर वर्ष 2010 में केन्द्रीय संचार मंत्रालय द्वारा डाक टिकट जारी किया गया।

**28. [b]**

**व्याख्या:-**

- डूँगरपुर राज्य प्रजा मण्डल की स्थापना भोगीलाल पाण्ड्या द्वारा वर्ष 1944 में की गई थी।
- पाण्ड्या ने आदिवासी समाज में आत्मस्वाभिमान, शिक्षा का प्रकाश, कुप्रथाओं से छुटकारा और जागरूकता का कार्य किया और इन्होंने 'वनवासी सेवा संघ' की स्थापना की।
- इन्हें 'वागड़ का गाँधी' के नाम से जाना जाता है।

**29. [d]**

**व्याख्या:-**

- सरदार रसाला सैन्य टुकड़ी का गठन महाराजा जसवंत सिंह-द्वितीय के शासनकाल में हुआ था। 600 घुड़सवारों की एक सैन्य टुकड़ी थी, जिसे सरदार रिसाला कहा जाता है।
- महारानी विक्टोरिया को 50 वर्ष तक कर देने के उपलक्ष्य में जोधपुर में गोल्डन जुबली का आयोजन महाराजा जसवंत सिंह-द्वितीय ने करवाया था।

**30. [a]**

**व्याख्या:-**

- निम्बार्क सम्प्रदाय की स्थापना 12वीं सदी में आचार्य निम्बार्क द्वारा की गई। इस सम्प्रदाय में राधा को श्री कृष्ण की परिणीता माना जाता है एवं युगल स्वरूप में पूजा की जाती है।
- निम्बार्क सम्प्रदाय को 'हंस सम्प्रदाय' भी कहा जाता है।

**31. [b]**

**व्याख्या:-**

- वर्ष 1860 में कुशाल सिंह ने नीमच में आत्म समर्पण कर दिया।
- अंग्रेजों ने इनकी जाँच के लिए टेलर कमीशन का गठन किया तथा 10 नवम्बर, 1860 को रिहा कर दिया।
- इन्होंने अपना अंतिम समय उदयपुर में बिताया तथा यहीं पर 1864 ई. में इनकी मृत्यु हो गई तथा कालान्तर में इनके पुत्र देवी सिंह को आउवा की जागीर प्रदान की गई।

**32. [c]**

**व्याख्या:-**

- वर्तमान कोटपुतली-बहरोड़ जिले में बाणगंगा नदी के किनारे स्थित लौह युगीन सभ्यता।
- बैराठ का प्राचीन नाम विराटनगर था, जो मत्स्य जनपद की राजधानी थी।
- बैराठ से सर्वाधिक मात्रा में शैल चित्र प्राप्त होते हैं।

**33. [a]**

**व्याख्या:-**

- तुर्रा कलंगी लोक नाट्य में 'तुर्रा' भगवान शिव और कलंगी पार्वती का प्रतीक है।
- चंदेरी के राजा ने तुकनगीर को तुर्रा व शाह अली को कलंगी भेंट की थी।
- यह लोकनाट्य मुख्य रूप से चित्तौडगढ़ जिले में प्रचलित है।

**34. [c]**

**व्याख्या:-**

- डूँगरपुर में गैब/गैप सागर झील के किनारे बादल विलास महल, उदयविलास महल स्थित हैं।
- काली बाई का स्मारक भी इस झील के किनारे बना है।

**35. [a]**

**व्याख्या:-**

- विवाह के दिन वधू की माता द्वारा ओढ़ी गई ओढ़नी 'पीरजोड़' कहते है। यह ओढ़नी वधू के मामा द्वारा लाई जाती है।

**36. [c]**

**व्याख्या:-**

- मुबारक महल का निर्माण सवाई माधोसिंह द्वितीय ने चन्द्रमहल/सिटी पैलेस (जयपुर) में करवाया था।
- एक अन्य मुबारक महल टोंक में स्थित है, जो मुगल शैली में निर्मित है। यह महल ऊँट की कुर्बानी के लिए प्रसिद्ध है।

**37. [c]**

**व्याख्या:-**

| **पुस्तकें** | **लेखक** |
|---|---|
| हाला झाला री कुण्डलियाँ | इसरदास बारहठ |
| गुण भाषा | हेम कवि |
| महादेव पार्वती री वेलि | सांया जी झूला |
| राव जैतसी रो छन्द | बीठू सूजा |

**38. [a]**

**व्याख्या:-**

- **डॉ. एल.पी. टैस्सीटोरी ने राजस्थानी भाषा के दो प्रकार बताए हैं–**
  **1. पश्चिमी राजस्थानी -** मारवाड़ी, बीकानेरी, खैराड़ी, गौड़वाड़ी।
  **2. पूर्वी राजस्थानी -** हाड़ौती, ढूँढाड़ी, तोरावाटी, नागरचोल।

**39. [a]**

**व्याख्या:-**

| **ग्रंथ** | **लेखक** |
|---|---|
| सूरजप्रकाश | करणीदान |
| अजितोदय | जगजीवन भट्ट |
| कान्हड़दे प्रबन्ध | पद्मनाभ |
| खुमाण रासो | दलपत विजय |

**40. [b]**

**व्याख्या:-**

- 'पर्यावरण चेतना' जैसी आधुनिक शब्दावली का महत्त्व बहुत पहले ही संत जांभोजी ने जान लिया था।

**41. [d]**

**व्याख्या:-**

- चूरू जिले का शुभंकर काला हिरण है।
- भीलवाड़ा जिले का शुभंकर मोर है।

**42. [d]**

**व्याख्या:-**

- **जयपुर की हवेलियाँ:-**
- 1. पुरोहित जी की हवेली, 2. नटणियों की हवेली, 3. ख्वास जी की हवेली, 4. धाबाईजी की दीवान साहब की हवेली।, 5. रत्नाकर पुण्डरीक की हवेली, 6. चूड़सिंह की हवेली (आमेर में), 7. नानाजी की हवेली।
- बड़े देवता की हवेली कोटा में स्थित है।

**43. [c]**

**व्याख्या:-**

- अरुंधती चौधरी राजस्थान की पहली बॉक्सर है, जिसने इंटरनेशनल प्रतियोगिता में गोल्ड जीता है। वर्ष 2016 में इन्होने बॉक्सिंग शुरू की थी।
- वर्ल्ड यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में पोलैंड की खिलाड़ी को 5-0 के मुकाबले से हराकर गोल्ड मेडल जीता।

**44. [c]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान की पहली बालक जनजाति हॉकी एकेडमी उदयपुर में स्थित है।

**45. [c]**

**व्याख्या:-**

- राज्य में अगस्त 2025 में हड़प्पा कालीन सभ्यता के अवशेष रातडिया री डेरी, रामगढ़, जैसलमेर में मिले हैं।
- काल – लगभग 4500 वर्ष पुराना
- महत्व – थार क्षेत्र का पहला ज्ञात हड़प्पा स्थल

**46. [b]**

**व्याख्या:-**

- **मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना**
- **शुरुआत-** 13 दिसम्बर 2019
- अधिकतम 10 करोड़ तक का ऋण स्वरोजगार हेतु ।

**47. [b]**

**व्याख्या:-**

- **शारदे बालिका छात्रावास योजना**
- **शुरुआत – 2009-10**
- **उद्धेश्य –** राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के वंचित वर्ग एवं बी.पी.एल परिवारों में व्याप्त शैक्षिक असन्तुलन कम करने तथा विशेष रूप से बालिकाओं को माध्यमिक स्तर को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना।

**48. [c]**

**व्याख्या:-**

- अंडर-17 वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली अश्विनी विश्नोई का संबंध भीलवाड़ा जिले से है।

**49. [d]**

**व्याख्या:-**

- ऑपरेशन खुशी
- संचालन - राजस्थान पुलिस द्वारा
- उद्देश्य - गुमशुदा नाबालिक बालक-बालिकाओं की घर वापसी।
- इस अभियान के 9वे चरण का आयोजन 1 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक किया गया।
- अभियान में दस्तयाब किये गये गुमशुदा बालक/बालिकाओं की संख्या :बालक: 25 , लड़कियाँ: 239 , कुल दस्तयाब: 264

**50. [c]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान राज्य निर्वाचन आयोग का गठन जुलाई, 1994 में किया गया। अमरसिंह राठौड़ को प्रथम राज्य निर्वाचन आयुक्त बनाया गया था।

**51. [b]**

**व्याख्या:-**

- संविधान के अनुच्छेद-174 (1) में प्रावधान है कि राज्यपाल समय-समय पर, राज्य के विधान मंडल के सदन या प्रत्येक सदन को ऐसे समय और ऐसे स्थान पर, जो वह ठीक समझे, अधिवेशन के लिए आहूत करेगा, किंतु उसके एक सत्र के अंतिम बैठक और आगामी सत्र की प्रथम बैठ के लिए नियत तारीख के मध्य 6 माह का अंतर नहीं होगा।
- अनुच्छेद-174(2) के अनुसार राज्यपाल समय-समय पर, सदन का सत्रावसान और विधान सभा का विघटन कर सकेगा।

**52. [b]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 210 के अंतर्गत यह कहा गया है कि राज्य विधानमंडल की भाषा हिंदी एवं अंग्रेजी होगी। इसके अलावा सदन के अध्यक्ष द्वारा अनुमति दिए जाने पर क्षेत्रीय भाषा में विचार अभिव्यक्त किए जा सकते हैं।

**53. [c]**

**व्याख्या:-**

- अनुच्छेद-243 A में ग्राम सभा के संबंध में प्रावधान किए गए हैं। ग्राम सभा की किसी बैठक में संकल्प पारित करने के लिए बैठक में उपस्थित और मत देने वाले ग्राम सभा के सदस्यों का बहुमत आवश्यक है।
- ग्राम सभा की वर्ष में 4 बैठक (26 जनवरी, 1 मई, 15 अगस्त, 2 अक्टूबर) होती है। इन तिथियों के 15 दिन पहले या 15 दिन बाद यह बैठकें कभी भी हो सकती है।
- ग्राम सभा की गणपूर्ति 1/10 होती है।

**54. [d]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में सर्वाधिक कांच उद्योग का विकास धौलपुर पर हुआ है।

**55. [b]**

**व्याख्या:-**

- RTE नियमावली-2011 के नियम-8 में राज्य सरकार तथा स्थानीय प्राधिकारी के उत्तरदायित्व का उल्लेख किया गया।
- धारा 12 तथा धारा (3)(2) के अनुसार प्रत्येक बालक नि:शुल्क शिक्षा तथा विशेष रूप से नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक तथा सहायक सामग्री का हकदार होगा। परन्तु नि:शक्त बालक विशेष अधिगम तथा सहायक सामग्री का हकदार होगा।
- 2021 में संशोधन के तहत सरकारी विद्यालय [2(n)i] का बालक नि:शुल्क यूनिफार्म का हकदार होगा।

**56. [d]**

**व्याख्या:-**

- एन्ट्री लेवल कक्षा प्रथम होगी लेकिन प्रवेश आयु न्यूनतम 5 वर्ष तथा अधिकतम 7 वर्ष से कम होगी।

**57. [c]**

**व्याख्या:-**

- **ज्ञान संकल्प पोर्टल –**
- DO ने ज्ञान संकल्प, एक शिक्षा वित्त पोषण पोर्टल बनाया है।
- यह ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो सरकारी पहलों को व्यक्तिगत/सीएआर दाताओं से जोड़कर व्यवस्थित रूप से शिक्षा फडिंग गैप को संबोधित करना चाहता है, जो इन पहलों में सीधे सरकार का समर्थन कर सकते हैं।

**58. [c]**

**व्याख्या:-**

- **चेस इन स्कूल कार्यक्रम –**
- **प्रारंभ –** 19 नवम्बर, 2022
- **कब –** माह के तीसरे शनिवार को शतरंज खेला जाएगा।
- **उद्देश्य –** बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना तथा उनके मस्तिष्क का समुचित विकास करना।

**59. [d]**

**व्याख्या:-**

- माध्यमिक शिक्षा विभाग राजस्थान द्वारा 'शिविरा' नामक पत्रिका प्रकाशित की जाती है।
- माध्यमिक शिक्षा विभाग – बीकानेर स्थापना – 1950 में
- प्रथक्करण (माध्यमिक शिक्षा व प्राथमिक शिक्षा) - 1997
- पृथक विभाग – 1 जनवरी, 1988 से संचालित।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा के शैक्षिक प्रशासन की दृष्टि से 9 मण्डल है, जिसके 20 अधीन 30 ब्लॉक्स है।

**60. [d]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आरएमएससीएल) को ई-औषधि, ई-उपकरण सॉफ्टवेयर और तकनीकी नवाचारों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए, एलीट्स स्मार्ट गवर्नमेंट एक्सीलेंस अवार्ड-2025 से सम्मानित किया गया।

**61. [c]**
**व्याख्या:-**
– बिहार में आयोजित खेलों इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान के अश्विन भारद्वाज ने जूडो में 81 किलोग्राम प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।

**62. [d]**
**व्याख्या:-**
– एशियाई पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप – श्याम सुंदर स्वामी – बीकानेर, राजस्थान से, प्रशिक्षक - अनिल जोशी

**63. [b]**
**व्याख्या:-**
– उद्देश्य - अरावली को मरुस्थलीकरण से बचाना।
– परियोजना की मुख्य विशेषताएं -
– गुजरात के पोशद्रा से पानीपत तक 700 किमी लंबी और 5 किमी चौड़ी हरित पट्टी।
– इस परियोजना की दोनों ओर की कुल लंबाई 1400 किमी।

**64. [d]**
**व्याख्या:-**
– खिलाड़ी - छगन मीणा, खेल – कुश्ती, स्पर्धा - 77 किलोग्राम
– पदक - स्वर्ण पदक, निवासी - खंडेला, सीकर

**65. [a]**
**व्याख्या:-**
– **नेत्र महाकुंभ-2025**
– स्थान – रामदेवरा, जैसलमेर
– तारीख – 1 अगस्त से 2 सितंबर 2025
– शुभारंभकर्ता – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**66. [d]**
**व्याख्या:-**
– **वृद्धि (Growth) की अवधारणा-**
– 1. वृद्धि आनुवंशिकता और वातावरण दोनों की परस्पर अन्तः क्रिया का उत्पाद होती है।
– 2. वृद्धि केवल परिमाणात्मक (मात्रात्मक) होती है।
– 3. वृद्धि एक पक्षीय (शारीरिक) है।
– 4. वृद्धि मापन योग्य है। 5. वृद्धि संरचना में सुधार है।

**67. [b]**
**व्याख्या:-**
– **सामाजिक विकास (Social Devlopment)-** समाज की अपेक्षा के अनुसार अपने व्यवहार को ढालना सामाजिक विकास कहलाता है अर्थात् समाज के नियमों के अनुकूल व्यवहार की क्षमता का विकास करना सामाजिक विकास कहलाता है।

**68. [c]**
**व्याख्या:-**
– **शैक्षिक मनोविज्ञान के क्षेत्र-**
1. अधिगम कर्ता व शिक्षक 2. अधिगम की प्रक्रिया
3. अधिगम की परिस्थिति 4. मापन व मूल्यांकन
5. निर्देशन व परामर्श

**69. [a]**
**व्याख्या:-**
– **सीखने के संज्ञानात्मक सिद्धांत-**
1. लेविन का क्षेत्र अधिगम सिद्धांत
2. टॉलमैन का चिह्न अधिगम सिद्धांत
3. कोहलर का अन्तर्दृष्टि अधिगम सिद्धांत
4. बाण्डुरा का सामाजिक अधिगम सिद्धांत

**70. [d]**
**व्याख्या:-**
– **तादात्मीकरण (Identification) -** रक्षायुक्ति में व्यक्ति किसी महान पुरुष, अभिनेता या आदर्श के अनुसार स्वयं को जोड़ता है और उसकी आदतों, पहनावे एवं विशेषताओं का अनुकरण करता है।

**71. [c]**
**व्याख्या:-**
– **व्यक्तित्व विकास में सिगमण्ड फ्रायड ने दो तरह की ग्रन्थियों का उल्लेख किया है-**
**1. ऑडिपस कॉम्प्लेक्स (मातृ-मनोग्रन्थि)-** यह लड़कों में विकसित होती है, जिसमें बच्चा अपनी माँ से प्रेम करता है।
**2. इलेक्ट्रा कॉम्प्लेक्स (पितृ-मनोग्रन्थि) -** यह लड़कियों में विकसित होती है, जिसमें लड़कियों को अपने पिता से प्रेम होता है।

**72. [c]**
**व्याख्या:-**
– **परिवर्तनीय अनुपात पुनर्बलन अनुसूची -** इस अनुसूची में अनुक्रिया की दर सबसे अधिक होती है। इसमें पुनर्बलन देने की अनुक्रिया की संख्या निश्चित नही होती है अर्थात प्रयोगकर्ता कभी 10 वीं अनुक्रिया के बाद, कभी 5वीं अनुक्रिया के बाद पुनर्बलन प्रदान करता है।

**73. [a]**
**व्याख्या:-**
– **थर्स्टन ने अपनी पुस्तक PMA- primary mental Abilities (प्राथमिक मानसिक योग्यता) में 7 प्रधान क्षमताएँ बताई है-**
1. स्थानिक क्षमता 2. आंकिक क्षमता
3. तार्किक क्षमता 4. स्मृति क्षमता
5. प्रत्यक्ष ज्ञानात्मक गति क्षमता
6. शाब्दिक अर्थ क्षमता 7. शब्द प्रवाह

**74. [a]**
**व्याख्या:-**
– **आंतरिक अभिप्रेरणा -** जब व्यक्ति किसी कार्य को स्वयं की रुचि व आनंद प्राप्त करने के लिए करता है तो यह आन्तरिक अभिप्रेरणा कहलाती है। यहाँ रमेश की स्वयं की अभिरुचि पढ़ाने में है, इसलिए वह बी. एड. प्रवेश परीक्षा के लिए मेहनत कर रहा है।

**75. [a]**
**व्याख्या:-**
– **प्रतिभाशाली बालक की विशेषताएँ-**
1. अपने निर्णयों में आत्मनिर्भर होते है।
2. उत्तम तार्किक चिन्तन
3. प्रक्रमण की उच्च गति, सूचना प्रक्रमण
4. प्रश्न पूछने की प्रवृति तथा समस्या समाधान की योग्यता
5. सामान्यीकरण एवं विभेदन की श्रेष्ठ शक्ति
6. पुनरावृत्ति से जल्दी ऊब जाना

**76. [a]**
**व्याख्या:-**
– ATM से निकलने वाली रसीद की छपाई के लिए हम थर्मल प्रिंटर का उपयोग करते हैं।

**77. [c]**

**व्याख्या:-**

- कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर तीन प्रकार के होते हैं-
- 1. Application, 2. System, 3. Utility Software

**78. [a]**

**व्याख्या:-**

- ई-मेल के जन्मदाता आर. टोमलिंसन है।
- पहला फ्री ई-मेल सेवा होटमेल के जन्मदाता शबीर भाटिया है, जिन्होंने जून, 1996 में होटमेल सेवा शुरू की।

**79. [a]**

**व्याख्या:-**

- सरकार द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में 'ई- गवर्नेंस' केन्द्र की स्थापना 15 अगस्त, 2000 को की गई।

**80. [b]**

**व्याख्या:-**

- आधार कार्ड **uidai** द्वारा जारी पहचान प्रमाण पत्र है।
- आधार कार्ड में अंकों की संख्या 12 होती है।
- यह कार्ड प्रत्येक व्यक्ति को यूनिक पहचान प्रदान करता है

**81. [c]**

**व्याख्या:-**

- रवीन्द्र नाथ टैगोर ने जलियाँवाला हत्याकाण्ड (13 अप्रैल, 1919) से क्षुब्ध होकर ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रदान की गई 'नाइटहुड' की उपाधि वापस लौटा दी।

**82. [b]**

**व्याख्या:-**

- मास्टर सूर्यसेन को **'द हीरो ऑफ चिट्टागोंग'** तथा **'मास्टर दा'** के नाम से भी जाना जाता है। वर्ष 1918 में चटगाँव आकर उन्होंने स्थानीय युवाओं को संगठित करने के लिए **'युगांतर पार्टी'** की स्थापना की थी। 23 दिसंबर, 1923 को चटगांव में असम-बंगाल रेलवे के ट्रेजरी ऑफिस को लूटा। सूर्यसेन को फरवरी, 1933 में गिरफ्तार कर 12 जनवरी, 1934 को फांसी दे दी गई।

**83. [d]**

**व्याख्या:-**

- होमरूल लीग (तिलक) – अप्रैल, 1916
- कामागाटामारू की घटना – सितम्बर, 1914
- महात्मा गाँधी की दक्षिण अफ्रीका से वापसी - जनवरी, 1915

**84. [a]**

**व्याख्या:-**

- मई, 1913 में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एस्टोरिया में सोहन सिंह भाकना, भाई परमानंद तथा हरनाम सिंह ने लाला हरदयाल के साथ मिलकर गदर पार्टी की स्थापना की। गदर पार्टी की पहली बैठक में सोहन सिंह भकना को गदर पार्टी का अध्यक्ष तथा हरदयाल को पार्टी का जनरल सक्रेटरी बनाया गया।

**85. [c]**

**व्याख्या:-**

| **नायक** | | **कार्यक्षेत्र** |
|---|---|---|
| बख्त खाँ | - | दिल्ली |
| मौलवी अहमदुल्ला | - | फैज़ाबाद |
| कुँवर सिंह | - | आरा (बिहार) |
| नाना साहब | - | कानपुर |

**86. [b]**

**व्याख्या:-**

- मुगल प्रशासन में मदद-ए-माश से तात्पर्य विद्वानों को दी जाने वाली राजस्व मुक्त अनुदत्त भूमि से है।

**87. [c]**

**व्याख्या:-**

- 1575 ई. में फतेहपुर सीकरी में अकबर ने इबादतखाने की स्थापना की थी। इबादतखाना वह भवन था, जिसमें विभिन्न धर्मों के विद्वानों के साथ अकबर चर्चा करता था। यह चर्चा प्रत्येक बृहस्पतिवार को अकबर द्वारा उठाए गए धार्मिक मुद्दों पर होती थी।

**88. [a]**

**व्याख्या:-**

| | |
|---|---|
| दीवान-ए-बन्दगान | फिरोजशाह तुगलक (गुलामों का विभाग) |
| दीवान-ए-मुस्तखराज | अलाउद्दीन खिलजी (भू-राजस्व विभाग) |
| दीवान-ए-कोही | मुहम्मद बिन तुगलक (कृषि विभाग) |
| दीवान-ए-अर्ज | बलबन (सैन्य विभाग) |

**89. [c]**

**व्याख्या:-**

- मौर्यकाल में 'सीताध्यक्ष' कृषि भूमि का अधिकारी होता था।
- 'अग्रोनोमोई' जिले के अधिकारी होते थे।
- शुल्काध्यक्ष' व्यापार तथा व्यवसाय कर की वसूली करता था।
- 'अक्राध्यक्ष' खानों का नियंत्रण करता था।

**90. [a]**

**व्याख्या:-**

- अशोक द्वारा पशुबलि पर रोक का साक्ष्य प्रथम शिलालेख में मिलता है। इस अभिलेख में यह वर्णित है कि पशुओं की बलि न चढ़ाई जाए तथा न कोई उत्सव का आयोजन किया जाए।

**91. [c]**

**व्याख्या:-**

- **स्यादवाद का अर्थ है –** सापेक्षता का सिद्धांत। जैन दर्शन में किसी वस्तु के गुण को समझने, समझाने तथा अभिव्यक्त करने हेतु सापेक्षता के सिद्धांत को अपनाया जाता है। इस सिद्धांत के अनुसार सापेक्षत: कोई तथ्य सत्य भी हो सकता अथवा असत्य भी।

**92. [c]**

**व्याख्या:-**

- महात्मा बुद्ध कर्म सिद्धांत में विश्वास करते थे। उनके दर्शन में आत्मा का कोई स्थान नहीं था तथा वे पुनर्जन्म में पूर्ण विश्वास करते थे। वे निर्वाण प्राप्ति में विश्वास तथा ईश्वर की सत्ता को पूर्णरूप से नकारते थे। उनके अनुसार दुनिया दु:खों से भरी है तथा इस दु:ख का कारण स्वयं इनकी इच्छाएँ ही हैं।

**93. [c]**

**व्याख्या:-**

- ऋग्वेद के तृतीय मंडल में वर्णित गायत्री मंत्र सावितृ (सूर्य देवता) को समर्पित है, जिसके रचनाकार विश्वामित्र है।

**94. [b]**

**व्याख्या:-**

– सिन्धु सभ्यता का नगर लोथल गुजरात के अहमदाबाद जिले में भोगवा नदी के किनारे स्थित है। यह सिन्धु घाटी सभ्यता का एकमात्र ऐसा स्थल है, जहाँ से पत्तन या बंदरगाह के साक्ष्य मिले हैं।

**95. [c]**

**व्याख्या:-**

| महाजनपद | राजधानी |
|---|---|
| अंग | चंपा |
| मगध | राजगृह / गिरिव्रज |
| मत्स्य | विराट नगर |
| कुरू | इंद्रप्रस्थ |

**96. [b]**

**व्याख्या:-**

– दलपुंगल व रायपिथौरा जैसी उपाधियाँ अजमेर के चौहान सम्राट पृथ्वीराज चौहान तृतीय ने धारण की थी।

**97. [c]**

**व्याख्या:-**

| | |
|---|---|
| योग | पतंजलि |
| न्याय | गौतम |
| वैशेषिक | कणाद |
| उत्तर मीमांसा | बादरायण |

**98. [a]**

**व्याख्या:-**

– वर्ष 1917 में कलकत्ता में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन की अध्यक्षता एनी बेसेंट द्वारा की गई। एनी बेसेंट कांग्रेस की पहली महिला अध्यक्ष बनी थी।

– महात्मा गाँधी ने एकमात्र बार वर्ष 1924 में बेलगाँव में आयोजित कांग्रेस के अधिवेशन की अध्यक्षता की थी।

– कांग्रेस की स्थापना 1885 में ए.ओ. ह्यूम द्वारा की गई थी, जो एक सेवानिवृत्त सिविल सेवक थे।

– ए.ओ. ह्यूम द्वारा भारतीय हितों के लिए कई भारतीय नेताओं को आमंत्रित किया और 'भारतीय राष्ट्रीय संघ' की नींव रखी। लेकिन, दादाभाई नौरोजी के सुझाव के बाद इसका नाम बदलकर 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' कर दिया गया।

**99. [b]**

**व्याख्या:-**

– वर्ष 1928 को फिरोजशाह कोटला, दिल्ली में चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह तथा सुखदेव ने मिलकर हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन (HSRA) की स्थापना की थी।

**100. [c]**

**व्याख्या:-**

– भारत सचिव लॉर्ड बर्किन हेड ने कांग्रेस के नेताओं को यह चुनौती दी की यदि वे विभिन्न सम्प्रदायों की आपसी सहमति से एक संविधान का मसौदा तैयार कर सके, तो ब्रिटिश सरकार निश्चित ही उस पर सहानुभूति पूर्ण ढंग से विचार कर सकती है। भारतीय नेताओं ने इस चुनौती को स्वीकार करते पंडित मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में भारतीय संविधान के प्रारूप को तैयार करने के लिए 8 सदस्यीय समिति की नियुक्ति हुई।

– इस समिति ने अगस्त, 1928 में प्रस्तावित संविधान का प्रारूप प्रस्तुत किया। इस प्रारूप को ही 'नेहरू रिपोर्ट' कहकर सम्बोधित किया गया।

**101. [b]**

**व्याख्या:-**

– **अनुच्छेद - 263** में केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए राष्ट्रपति को एक अंतर्राज्जीय परिषद् की स्थापना करने की शक्ति प्राप्त है।

**102. [c]**

**व्याख्या:-**

– 73वाँ (पंचायतीराज से सम्बन्धित) और 74वाँ (नगरीय निकायों से सम्बन्धित) संविधान संशोधन, 1992 में पारित हुए थे और इस समय भारत के प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव थे।

**103. [c]**

**व्याख्या:-**

– केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य के बाद (1973) में उच्चतम न्यायालय की 13 सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने संविधान के मूल ढाँचे का सिद्धांत प्रतिपादित किया।

– इस निर्णय में संविधान संशोधन की संसद की शक्ति को स्वीकार किया गया लेकिन अनुच्छेद 368 के तहत् संसद को संविधान की मूल संरचना में संशोधन पर रोक लगाई गई।

**104. [d]**

**व्याख्या:-**

– धन विधेयक को संविधान के अनुच्छेद-110 के अन्तर्गत वर्णित किया गया है। धन विधेयक केवल लोकसभा में ही पेश किया जाता है, राज्यसभा में नहीं। इस विधेयक के संबंध में संयुक्त अधिवेशन का प्रावधान नहीं है।

**105. [b]**

**व्याख्या:-**

– भारतीय संविधान की 10वीं अनुसूची दल-बदल विरोधी कानून से सम्बन्धित है। वर्ष 1985 में 52वाँ संविधान संशोधन द्वारा दल-बदल विरोधी कानून पारित किया गया था।

**106. [d]**

**व्याख्या:-**

– भारतीय संविधान के अनुच्छेद-123 के तहत देश के राष्ट्रपति को संसद के सत्रावसान की अवधि में अध्यादेश जारी करने की शक्ति प्राप्त है। अध्यादेश के द्वारा नागरिकों के मूल अधिकारों का अतिक्रमण नहीं किया जा सकता है, क्योंकि अनुच्छेद 13 (1) के अधीन विधि शब्द के अंतर्गत अध्यादेश भी शामिल है।

**107. [b]**

**व्याख्या:-**

– राष्ट्रपति पर महाभियोग की प्रक्रिया का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद-61 में किया गया है। महाभियोग का प्रस्ताव संसद के किसी भी सदन में प्रस्तुत किया जा सकता है। इसकी सूचना राष्ट्रपति को 14 दिन पूर्व देनी होती है तथा सदन के कुल सदस्यों में से कम-से-कम 2/3 बहुमत से पारित हो।

**108. [b]**

**व्याख्या:-**

– **42वें संविधान संशोधन द्वारा राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों में निम्नलिखित सिद्धांत जोड़े गए-**
– **(1) अनुच्छेद 43A** - उद्योगों के प्रबंधन में कर्मकारों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।
– **(2) अनुच्छेद 39A -** कानूनी व्यवस्था इस प्रकार काम करें कि न्याय समान अवसर के सिद्धांत पर सुलभ हो और राज्य विशिष्टतया आर्थिक या किसी अन्य निर्योग्यता के मामलों में नि:शुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था करें।
– **(3) अनुच्छेद 39F -** बच्चों को स्वतंत्र एवं गरिमामय वातावरण में स्वस्थ विकास के अवसर और सुविधाएँ प्रदान की जाएँ। 39(च)
– **(4) अनुच्छेद 48A -** पर्यावरण का संरक्षण हो तथा उसमें सुधार लाया जाए तथा वनों एवं वन्य जीवों की रक्षा की जाए।

**109. [b]**

**व्याख्या:-**

– भारतीय संविधान के अनुच्छेद-15(2) में यह उल्लेख है कि सार्वजनिक स्थलों, होटलों तथा राज्य निधि से संपोषित कुओं, तालाबों, स्नान घाटों, सड़क, सार्वजनिक समागत के स्थलों आदि का प्रयोग करने से किसी भी नागरिक को वंचित नहीं किया जा सकता है।

**110. [a]**

**व्याख्या:-**

– डॉ. अम्बेडकर ने अनुच्छेद-32 को 'संविधान की आत्मा' कहा है।

**111. [d]**

**व्याख्या:-**

– भारतीय संविधान की उद्देशिका को **'संविधान की कुँजी'** कहा जाता है। उद्देशिका/प्रस्तावना के अनुसार संविधान में निहित सम्पूर्ण शक्ति का स्रोत भारत के लोग है तथा वह सर्वोच्च सम्प्रभुता धारण करते हैं।
– **बेरूबारी वाद** में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णय दिया कि उद्देशिका संविधान का अंग नहीं है, तथापि जहाँ संविधान की भाषा संदिग्ध या अस्पष्ट है, वहाँ उद्देशिका संविधान निर्माताओं के आशय को समझने में सहायक है।
– **केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य वाद** में उच्चतम न्यायालय ने अपने पूर्व निर्णय को पलट दिया तथा उद्देशिका को संविधान का अंग माना। अत: उद्देशिका में संशोधन हो सकता है, किन्तु उसके मूल ढाँचे में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता।

**112. [b]**

**व्याख्या:-**

– भारतीय संविधान में उल्लिखित मंत्रिमंडल प्रणाली, संसदीय विशेषाधिकार, संसदात्मक शासन-प्रणाली, एकल नागरिकता एवं विधि निर्माण प्रक्रिया यूनाइटेड किंगडम से लिए गए हैं।

**113. [c]**

**व्याख्या:-**

– संघ संविधान समिति के अध्यक्ष – जवाहर लाल नेहरू
– प्रारूप समिति के अध्यक्ष – बी. आर. अम्बेडकर
– झण्डा समिति के अध्यक्ष – जे. वी. कृपलानी
– मौलिक अधिकार व अल्पसंख्यक समिति के अध्यक्ष – सरदार वल्लभ भाई पटेल

**114. [c]**

**व्याख्या:-**

– डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान सभा द्वारा निर्मित संविधान को पारित करने का प्रस्ताव रखा, संविधान के प्रारूप पर 'तीसरा वाचन' 14 नवम्बर से 26 नवम्बर, 1949 तक चला तथा 26 नवम्बर, 1949 को यह प्रस्ताव पारित हुआ तथा इसी दिन संविधान द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया तथा संविधान का प्रारूप पूरा हुआ।

**115. [d]**

**व्याख्या:-**

– **मेवाड़ शुगर मिल्स लिमिटेड -** यह राजस्थान की प्रथम चीनी मिल है। इसकी स्थापना भोपाल सागर (चित्तौड़गढ़) में 1932 में निजी क्षेत्र में की गई है।

**116. [c]**

**व्याख्या:-**

– **चन्द्रग्रहण -** जब सूर्य एवं चन्द्रमा के बीच पृथ्वी आ जाती है, तो सूर्य का प्रकाश चन्द्रमा पर नहीं पड़ता है, क्योंकि ग्रहों व उपग्रहों का स्वयं का प्रकाश नहीं होता है, ये केवल सूर्य के प्रकाश से ही प्रकाशित होते हैं, अतः चन्द्रमा पर सूर्य का प्रकाश न पड़ने के कारण ही चन्द्र ग्रहण होता है।

**117. [b]**

**व्याख्या:-**

– **चिनूक -** रॉकी पर्वतमाला के पूर्वी ढालों पर चलने वाली गर्म एवं शुष्क हवाएँ हैं। इन्हें 'बर्फ भक्शी' के नाम से भी जानी जाती है, क्योंकि ये उत्तरी अमेरिका के वृहद् मैदानों में बर्फ की परत को पिघला देती हैं।
– **सिरोक्को -** सहारा मरुस्थल से भूमध्य सागर की ओर चलने वाली गर्म, शुष्क तथा रेत भरी हवा को सिरोक्को कहते है।
– **ब्रिक फील्डर -** ये ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रान्त में चलने वाली गर्म एवं शुष्क हवा है।
– **बोरा -** एड्रियाटिक सागर के पूर्वी किनारे चलने वाली ठंडी पवनें है, जिससे मुख्यतः इटली तथा युगोस्लाविया प्रभावित होते है।

**118. [b]**

**व्याख्या:-**

– लियॉन रेशम वस्त्र उत्पादन का विश्व प्रसिद्ध केन्द्र हैं तथा लियॉन विलेज व लॉरेन क्षेत्र लौह-इस्पात उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।

**119. [b]**

**व्याख्या:-**

| | गैस | आयतन का प्रतिशत |
|---|---|---|
| – | 1. नाइट्रोजन ($N_2$) | 78.8 |
| – | 2. ऑक्सीजन($O_2$) | 20.95 |
| – | 3. आर्गन (Ar) | 0.93 |
| – | 4. कार्बनडाईआक्साइड ($CO_2$) | 0.03 |
| – | 5. नियोन (Ne) | 0.0018 |
| – | 6. हीलियम | (He) 0.0005 |
| – | 7. ओजोन | ($O_3$) 0.00006 |
| – | 8. हाइड्रोजन (H) | 0.00005 |

**120. [b]**

**व्याख्या:-**

- **अटलांटिक महासागर में प्रवाहित होने वाली प्रमुख जलधाराएँ-** उत्तरी विषुवत रेखीय धारा, दक्षिणी विषुवत रेखीय धारा, गल्फस्ट्रीम या खाड़ी की धारा, कनारी की धारा, लैब्राडोर की धारा, ब्राजील की धारा, फाकलैंड की धारा, बेंगुएला की धारा
- **पेरू/हम्बोल्ट जलधारा -** यह दक्षिणी अमेरिका के पश्चिमी तट के सहारे दक्षिण में उत्तर दिशा में प्रवाहित होने वाली ठंडी जलधारा है।

**121. [c]**

**व्याख्या:-**

- ब्राजील विश्व में कॉफी का सर्वाधिक उत्पादन करता है। ब्राजील में कॉफी के बागानों को फज़ेंडा (Fazenda) कहते हैं।

**122. [b]**

**व्याख्या:-**

- भारत का अक्षांशीय विस्तार 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6'उत्तरी अक्षांश तक है। भारत का देशान्तर विस्तार 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97025' पूर्वी देशान्तर तक है।

**123. [b]**

**व्याख्या:-**

- ये उथले समुद्री क्षेत्र हैं जहाँ ठंडे और गर्म पानी की धाराएँ अच्छी तरह से मिल जाती हैं जिससे वे मछलियों के लिए बढ़िया प्रजनन स्थल बन जाते हैं।
- **ग्रैंड बैंक -** यह न्यूफाउंडलैंड के पास स्थित है। यहाँ लैब्राडोर और गल्फ स्ट्रीम जैसी ठंडी और गर्म धाराएँ मिलती हैं।
- **डोगर बैंक -** यह उत्तरी सागर में स्थित है। यह एक बड़ा सैंडबैंक है, जो हिमनद प्रक्रियाओं द्वारा निर्मित है। यहाँ भी पोषक तत्वों और मछलियों का प्रचुर भंडार पाया जाता है।

**124. [a]**

**व्याख्या:-**

- पृथ्वी का अपने अक्ष के सापेक्ष पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर लट्टू की भांति घूमना ही 'पृथ्वी का घूर्णन' कहलाता है। इसे 'परिभ्रमण गति' भी कहते हैं।

**125. [b]**

**व्याख्या:-**

- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में भारत वन स्थिति रिपोर्ट (ISFR), 2023 जारी की। यह रिपोर्ट इस श्रृंखला की 18वीं रिपोर्ट है।
- **क्षेत्रफल की दृष्टि से सर्वाधिक वनों वाले राज्य -**
- (1) मध्य प्रदेश (77,073 वर्ग कि.मी.)
- (2) अरुणाचल प्रदेश (65,882 वर्ग कि.मी.)
- (3) छत्तीसगढ़ (55,812 वर्ग कि.मी.)
- (4) ओडिशा (52,433 वर्ग.किमी.)
- (5) महाराष्ट्र (50,858 वर्ग किमी.)

**126. [b]**

**व्याख्या:-**

- **<u>राष्ट्रीय बहु-आयामी गरीबी सूचकांक 2021(NMPI)-</u>**
- **जारी कर्ता-** नीति आयोग
- इसके आधार पर भारत का स्थान 66वाँ (OUT OF 109)
- **भारत में गरीबी –** 25%
- **आधार-** NATION FAMILY HEALTH SURVEY -4 (वर्ष 2015-16)
- **आधार -** स्वास्थ्य, शिक्षा व जीवन स्तर (3 आधार)
- **मानक –** 10

**127. [c]**

**व्याख्या:-**

- **(1) प्राथमिक क्षेत्र :-** अर्थव्यवस्था का यह क्षेत्र, जहाँ प्राकृतिक संसाधनों को कच्चे तौर पर प्राप्त किया जाता है अर्थात् इसके अंतर्गत अर्थव्यवस्था के प्राकृतिक क्षेत्रों का लेखांकन किया जाता है, प्राथमिक क्षेत्र कहलाता है।इसे कृषि एवं सम्बद्ध गतिविधियों से संबंधित क्षेत्र भी कहा जाता है।
- **जैसे-** कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, मत्स्य पालन, वानिकी, खनन एवं उत्खनन।

**128. [a]**

**व्याख्या:-**

- **सकल घरेलू उत्पाद (GDP) =** एक लेखा वर्ष में एक देश की घरेलू सीमा में सभी उद्यमियों, चाहे वे निवासी हों या अनिवासी द्वारा की गई सकल मूल्य वृद्धि को सकल घरेलू उत्पाद (GDP) कहा जाता है।

**129. [b]**

**व्याख्या:-**

- **उपभोक्ता के कुल 6 वैधानिक अधिकार हैं-**
- 1. सुरक्षा का अधिकार 2. सूचना प्राप्ति का अधिकार
- 3. चयन का अधिकार 4. सुनवाई का अधिकार
- 5. शिकायत निवारण का अधिकार
- 6. उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार

**130. [a]**

**व्याख्या:-**

- **1. राजीव गाँधी कृषक साथी योजना - शुरू-** 2009
- **उद्देश्य-** किसानों व कृषि मजदूरों की कृषि कार्यों के दौरान मृत्यु होने पर 2 लाख रु. आर्थिक सहायता।
- **2. राजस्थान कृषि प्रसंस्करण, व्यवसाय व निर्यात प्रोत्साहन योजना – शुरू-** 17 दिसम्बर, 2019
- **3. किसान ऊर्जा मित्र योजना – शुरू-** 17 जुलाई, 2021
- **उद्देश्य-** किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करना।
- प्रत्येक माह बिजली बिल पर 1000 रु. की सब्सिडी प्रदान की जाती है।
- **4. राजस्थान कृषि प्रतिस्पर्धात्मक योजना – शुरू-** 2012 में विश्व बैंक की सहायता से।
- **उद्देश्य-** किसानों की आय को दुगुना करना, जल प्रबंधन को बढ़ावा देना व कृषि उत्पादन व उत्पादकता को बढ़ाना।
  यह योजना राज्य के 17 जिलों में संचालित की जा रही है।

**131. [d]**

**व्याख्या:-**

- **राष्ट्रीय आय की माप की मुख्य विधियाँ निम्नलिखित हैं -**
- **(1) उत्पादन - योग विधि** - इस विधि के अन्तर्गत राष्ट्रीय आय का अनुमान उत्पादन की ओर से लगाया जाता है। इसके लिए अर्थव्यवस्था को विभिन्न क्षेत्रों में विभक्त कर दिया जाता है।
- **(2) आय - योग विधि -** इस विधि के अन्तर्गत राष्ट्रीय आय को मापने के लिए उत्पादन साधनों को उनकी सेवाओं के बदले मिलने वाले प्रतिफल को जोड़ा जाता है। इसके लिए प्रति व्यक्ति शुद्ध आय को उस क्षेत्र में लगे लोगों की संख्या से गुणा करना होता है। इस विधि में यह ध्यान रखना होता है कि अंतरण रूप भुगतानों की गणना न होने पाए ।
- **(3) व्यय - योग विधि** – इस विधि को उपभोग बचत विधि भी कहते हैं। इस विधि के अनुसार कुल आय या तो उपभोग पर व्यय की जाती है अथवा बचत पर। अतः राष्ट्रीय आय कुल उपभोग तथा कुल बचतों का योग होता है।

**132. [c]**

**व्याख्या:-**

- WTO को वर्ष 1947 में संपन्न हुए प्रशुल्क एवं व्यापार पर सामान्य समझौते (GATT) के स्थान पर अपनाया गया।
- WTO के निर्माण की पृष्ठभूमि गैट के उरुग्वे दौर (वर्ष1986-94) की वार्ता में तैयार हुई तथा 1 जनवरी, 1995 को WTO द्वारा कार्य शुरू किया गया।
- जिस समझौते के तहत WTO की स्थापना की गई उसे "मराकेश समझौते" के रूप में जाना जाता है। इसके लिये वर्ष 1994 में मोरक्को के मराकेश में हस्ताक्षर किये गए।

**133. [c]**

**व्याख्या:-**

- **राजकोषीय घाटा -** राजकोषीय घाटा किसी सरकार के खर्च की तुलना में उसके राजस्व में कमी को संदर्भित करता है। **राजकोषीय घाटा** = राजस्व घाटा + पूँजीगत व्यय

**134. [c]**

**व्याख्या:-**

- **नरसिंहम समिति** - बैंकिंग क्षेत्र में सुधार के उद्देश्य से RB1 के पूर्व गवर्नर एम. नरसिंहम की अध्यक्षता में अगस्त, 1991 में एक नौ सदस्य समिति का गठन किया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट 17 नवम्बर, 1991 को पेश की थी।

**135. [d]**

**व्याख्या:-**

- रिज़र्व बैंक द्वारा किए जाने वाले मात्रात्मक साख नियंत्रण-
- **(1) बैंक दर -** भारतीय रिज़र्व बैंक जिस ब्याज दर पर व्यावसायिक बैंकों को दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध कराता है, बैंक दर कहलाता है ।
- **(2) नकद आरक्षण अनुपात -** प्रत्येक व्यापारिक बैंक अपनी कुछ जमाओं का एक निर्धारित प्रतिशत रिज़र्व बैंक के पास सदैव नकद रूप में रखता है, जिसे नकद आरक्षण अनुपात (CRR) कहते हैं ।
- **(3) वैधानिक तरलता अनुपात (SLR)-** प्रत्येक बैंक को कुल जमाराशि के एक निश्चित प्रतिशत को अपने पास नकद रूप में या अन्य तरल परिसम्पत्तियों के रूप में ( सोना अनुमोदित प्रतिभूतियाँ- सरकारी प्रतिभूतियाँ ) रखना पड़ता है, जिसे वैधानिक तरलता (SLR) कहा जाता है।
- **(4) रेपो दर (RR) –** रेपो दर वह दर है, जिस पर रिज़र्व बैंक बैंकों को अल्पकालीन ऋण देकर अर्थव्यवस्था में तरलता की अतिरिक्त मात्रा जारी करता है ।
- **(5) रिवर्स रेपो दर (RRR)-** यह रेपो दर से उल्टी होती है। बैंकों के पास दिनभर के कामकाज के बाद बहुत बार एक बड़ी रकम शेष बच जाती है। बैंक वह रकम अपने पास रखने के बजाए रिज़र्व बैंक में रख सकते हैं, जिस पर उन्हें रिज़र्व बैंक से ब्याज भी मिलता है, जिस दर पर यह ब्याज मिलता, उसे रिवर्स रेपो दर कहते हैं

**136. [b]**

**व्याख्या:-**

- मानव विकास सूचकांक स्वास्थ्य, शिक्षा व आय के स्तर के आधार पर तैयार किया जाने वाला संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम यूएनडीपी (UNDP) का सूचकांक है ।

**137. [b]**

**व्याख्या:-**

- फ्री ट्रेड टुडे - बी. एन. भगवती

**138. [a]**

**व्याख्या:-**

- इसका कार्यान्वयन अगस्त, 2019 में शुरू किया गया था। सभी NFSA लाभार्थियों को उनके मौजूदा राशन कार्डों की सुवाह्यता के माध्यम से देश में कहीं भी उनकी खाद्य सुरक्षा के लिये आत्मनिर्भर बनने हेतु सशक्त बनाना।

**139. [a]**

**व्याख्या:-**

- **आर्थिक समीक्षा 2024- 25 के अनुसार स्थिर** (2011-12) **कीमतों पर राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में -**
- कृषि क्षेत्र का योगदान = 26.54 %
- उद्योग क्षेत्र का योगदान = 28.39 %
- सेवा क्षेत्र का योगदान = 45.07% रहा है।

**140. [d]**

**व्याख्या:-**

- अर्थशास्त्र में किसी मुद्रा के अवमूल्यन का मतलब होता है उसकी कीमत का किसी दूसरी मुद्रा के मुकाबले कम कर देना।
- किसी देश द्वारा मुद्रा की विनिमय दर अन्य देशों की मुद्राओं की तुलना में जानबूझ कर इसलिए कम की जाती है ताकि निवेश को बढ़ावा मिल सके। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपने देश के सामानों की कीमत दूसरे देशों के मुकाबले कम हो जाती है और निर्यात बढ़ाया जा सकता है ।

**141. [d]**

**व्याख्या:-**

- सामाजिक अध्ययन शिक्षण का प्रमुख उद्देश्य छात्रों में सामाजिक गुणों का विकास करना है।

**142. [c]**

**व्याख्या:-**

– सामाजिक अध्ययन की शिक्षण विधि विद्यार्थी प्रधान/छात्र/बाल केन्द्रित होनी चाहिए, अतः विद्यार्थी को ध्यान में रखते हुए ही शिक्षण कार्य करवाया जाना चाहिए।

**143. [c]**

**व्याख्या:-**

– अतः सामाजिक अध्ययन के शिक्षक के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है कि वह भी तत्कालीन घटनाओं की जानकारी रखें।

**144. [a]**

**व्याख्या:-**

– प्रक्षेपी सामग्री वह होती है, जिसमें किसी उपकरण की सहायता से किसी वस्तु को प्रक्षेपित करके दिखाया जाता है, जैसे - प्रोजेक्टर्स, स्लाइड, फिल्म स्ट्रिप्स तथा मूक चलचित्र आदि। अप्रक्षेपी सहायक सामग्री वह है, जो बिना किसी उपकरण की सहायता से छात्रों को दिखाया जा सके, जैसे- पोस्टर, श्यामपट्ट, मानचित्र, चार्ट, ग्लोब, रेखाचित्र, नमूना, डायग्राम आदि।

**145. [b]**

**व्याख्या:-**

– रूसो का मानना था कि पुस्तकें पढ़कर ज्ञान प्राप्त करने के अतिरिक्त प्रकृति-निरीक्षण या भ्रमण करके जो प्रत्यक्ष ज्ञानार्जन प्राप्त किया जाता है, वह अधिक उत्तम एवं श्रेष्ठ होता है।

**146. [b]**

**व्याख्या:-**

– **दृश्य शिक्षण सहायक सामग्री -** श्यामपट्ट, मानचित्र, एटलस, चार्ट,फिल्मस्ट्रिप्स,चित्र,रेखाचित्र,मॉडल,ग्लोब,स्लाइड,बुलेटिन बोर्ड, ग्राफ आदि ।

**147. [c]**

**व्याख्या:-**

– **डब्ल्यू. एच. किलपैट्रिक -** " योजना एक उद्देश्यपूर्ण कार्य हैं, जिसे मन लगाकर सामाजिक वातावरण में पूरा किया जाता है।“

– प्रायोजना विधि में छात्र स्वयं किसी उद्देश्य को लेकर योजना बनाते हैं तथा इस योजना को स्वयं ही पूरा करते हैं अत: छात्रों के द्वारा स्वयं करके सीखना अधिक स्थायी अधिगम होता है।

**148. [c]**

**व्याख्या:-**

– भौतिक मानचित्र, जिसमें धरातल के महत्त्वपूर्ण प्राकृतिक तथ्य जैसे - पर्वत , पठार, नदी, महाद्वीप आदि का आनुपातिक आकार व स्थिति प्रदर्शित की जाती है।

**149. [d]**

**व्याख्या:-**

– **वस्तुनिष्ठ प्रकार के परीक्षणों की निम्नलिखित विशेषताएँ होती है –**

– (1) विश्वसनीयता (2) वस्तुनिष्ठता

– (3) वैद्यता (4) व्यापकता

– (5) विभेदीकरण

**150. [d]**

**व्याख्या:-**

– उपचारात्मक शिक्षण सीखने की प्रकृति या उसकी कठिनाई को ध्यान में रखकर दिया जाना चाहिए।

– कोई भी छात्र/शिक्षार्थी जो सामान्य कक्षा -कक्षीय पद्धतियों के प्रति कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करता हो, उसके लिए उपचारात्मक शिक्षण किया जा सकता है।

♦♦♦♦